संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 12 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 341 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



शीतकालीन सत्र के दौरान केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी संसद परिसर में।






**फास्ट न्यूज**

## दिल्ली में अकेले लड़ेंगे चुनाव : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी (आआपा) कोई गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस के साथ गंठबंधन को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खुद आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सिरे से नकार दिया है।

बुधवार को उन्होंने एक बयान में कहा कि आआपा दिल्ली में जनता के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन की किसी भी तरह की कोई संभावना नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि खुद अरविंद केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं हो रहा है। आआपा अकेले चुनाव लड़ेगी। पिछले तीन चुनाव में हमने लगातार भाजपा को बुरी तरीके से हराया है। दिल्ली में हमने उस वक्त 67 सीटें लीं, जब नरेन्द्र मोदी 2014 में हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र जीतकर आए थे।

# सभापति को लेकर संसद में हंगामा

- राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति हैं: कांग्रेस
- आज संसद में राजनीति हो रही: खरगे

**पक्षपातपूर्ण**

▶▶ राज्यसभा में नियमों से ज्यादा राजनीति हो रही है। सभापति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में नियमों से ज्यादा राजनीति हो रही है। सभापति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करते हैं। राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति हैं।

खरगे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। वह पदोन्नति के लिए सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। वह स्कूल के हेडमास्टर की तरह काम करते हैं। अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें बोलने से रोकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा अध्यक्ष का आचरण पद की गरिमा के विपरीत रहा है। वह विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हैं, अक्सर सरकार की प्रशंसा करते हैं। हमें मजबूरी में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम राज्यसभा अध्यक्ष के व्यवहार और पक्षपात से तंग आ चुके हैं। इसीलिए हमने उन्हें हटाने का नोटिस दिया है। हमारे पास राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ कुछ भी नहीं है, लेकिन उन्होंने हमारे पास उन्हें हटाने के लिए नोटिस के साथ आगे बढ़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा।

कांग्रेस अध्यक्ष बोले कि हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। हम देशवासियों को बताना चाहते हैं कि हमने लोकतंत्र, संविधान की रक्षा के लिए और बहुत सोच-समझकर यह कदम उठाया है। उपराष्ट्रपति भारत में दूसरा सबसे बड़ा सांविधानिक पद है।

### संसद में सत्ताधारी पार्टी द्वारा इस देश के लोकतंत्र पर जबरदस्त हमला किया जाता है: खरगे

खरगे ने कहा कि 1952 के बाद से उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है। क्योंकि सभी सभापति हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे रहे हैं। उन्होंने हमेशा सदन को नियमों के अनुसार चलाया। लेकिन आज सदन में नियमों से ज्यादा राजनीति हो रही है। डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संसद में सत्ताधारी पार्टी द्वारा इस देश के लोकतंत्र पर जबरदस्त हमला किया जाता है और वे सभापति की ओर से संरक्षित होते हैं। यह बहुत दुखद है। हमने पहले भी अनुभव किया है जब भाजपा विपक्ष में थी और जब कांग्रेस भी विपक्ष में थी। जब भी विपक्षी नेता बोलने के लिए खड़े होते हैं या तुरंत बोलने की पेशकश करते हैं तो विपक्षी नेता को मंच दिया जाता है और कोई भी बाधा नहीं डालता। देश में क्या चल रहा है, हमें बोलने की बिल्कुल भी अनुमति नहीं है।

## कुरुक्षेत्र में यातायात की भीड़ कम करने के लिए बनेगा बाईपास: सैनी




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कुरुक्षेत्र बाईपास के निर्माण के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है, जिसका निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस बाईपास के निर्माण से न केवल कुरुक्षेत्र निवासियों को बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा, जिससे इस पवित्र भूमि में बेहतर कनेक्टिविटी और बेहतर बुनियादी ढांचा सुनिश्चित होगा।

मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान 48 कोस तीर्थ सम्मेलन में तीर्थ स्थलों के प्रमुख जनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, तंजानिया की पर्यटन मंत्री पिंडी चाना, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज भी उपस्थित थे।




# गहलावत ने नगर शोभा यात्रा को झण्डी दिखाकर किया रवाना

**उपदेश**

**गीता के संदेश को अपने जीवन में अपनाकर हम सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं : विधायक**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को महाभारत युद्ध में दिए गीता के संदेश को अपने जीवन में अपनाकर हम सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। गीता का ज्ञान वर्तमान समय में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना महाभारत काल में था। गीता के संदेश में श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा है कि संसार में केवल आत्मा अजर-अमर है तथा मनुष्य के साथ केवल अच्छे कर्म ही साथ चलते हैं। राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के जिला स्तरीय समारोह के तीसरे दिन स्थानीय सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर से नगर शोभा यात्रा को झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने गीता पालकी में स्थापित गीता की पूजा की। इस भव्य नगर शोभा यात्रा में जिला की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की लगभग 25 से अधिक झांकियों, बैंड व डीजे पर बजने वाले गीतों ने शहरवासियों को गीता के उपदेश व शखेकों परिचित करवाया ताकि हर व्यक्ति उनको अपने जीवन में उतारे। नगरवासियों ने पालकी पर सजी श्रीमद्भगवद् गीता को नमन करते हुए गीता को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। नगर शोभा यात्रा सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर से शुरू होकर डीएवी स्कूल, सेक्टर-14 की मार्किट, गांधी चौक, बस स्टैण्ड के सामने होते हुए, मामा भांजा चौंक, गीता भवन चौक, गोहाना रोड़ फ्लाईओवर, ककरोई चौक, तिरंगा चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम में संपन्न हुई। इस दौरान कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, नगराधीश रेणुका नांदल व डीआईपीआरओ राकेश गौतम भी मौजूद रहे। गीता की पालकी से गीता को मंच पर स्थापित किया गया। नगर शोभा यात्रा की झांकियों में गणेश, भगत सिंह, भारत मां, श्री कृष्ण, गीता पालकी सहित लगभग 25 झांकियां शामिल थी। यात्रा में संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त एनसीसी एवं स्काउट्स गाईड के बच्चे भी शामिल रहे।

इस मौके पर मोहन सिंह मनोचा, शशिकरण नासा, नरेन्द्र भुटानी, प्रवीण वर्मा, संजय सिंगला, वाईके त्यागी, रविन्द्र सरोहा, सुरेश कालरा, योगेन्द्र सरोहा, दिनेश तनेजा, ऊषा भंडारी, मदनलाल तनेजा, सुभाष अरोड़ा, पवन तनेजा, हवा सिंह, बीआर आहुजा, रोहित आहुजा, मनोज डिंबला, जयवीर गहलावत, प्रमानंद बत्रा, पवन तनेजा, प्रेम गौतम, आचार्य वेद निष्ठद्द, जगत सिंह, सहित जिला के सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ठंड में भी महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास करना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौ:** रौनक पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में महिलाओं का योगाभ्यास सर्दियों के मौसम में भी जारी है। हर रोज शाम को 25 से 30 महिलाएं योगाचार्य मंजू पहल के मार्गदर्शन में योग में शामिल होकर सूर्य नमस्कार से ध्यान तक विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कर रही हैं। का कहना है कि योग न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है।



योग अभ्यास से उन्हें आत्मिक शांति और ऊर्जा मिलती है, जो उनकी दिनचर्या को संतुलित और प्रभावशाली बनाती है। ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए योगाचार्य मंजू पहल, शिक्षिका पिंकी त्यागी, पूनम, मीनाक्षी आरोड़ा, पार्वती, नीतु, सीमा, शारदा, इंदु, नरेश, मीना कविता ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि आरपीएस स्कूल या आसपास किसी इंडोर हॉल में व्यवस्था करवाई जाए।


**भारतीय रेल**

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

सं. आरएस(पोल)/58/0501/2/2023 नई दिल्ली, दिनांक : 11.12.2024

**विषय** : हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की खरीद के लिए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की ई–निविदा सं. 2024 एचएसडी टीसी के लिए ई–निविदा सूचना।

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (सी), रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सं. | 2024 एचएसडी टीसी |
| 2. | कार्य का नाम | हाई स्पीड डीजल (एचएसडी)/बायो डीजल मिश्रित एचएसडी: आईएस: 1460 के अनुरूप (नवीनतम संशोधन) |
| 3. | अनुमानित मात्रा लीटर में | 2.3 लाख किलोलीटर |
| 4. | निविदा लागत | शून्य |
| 5. | बयाना | 50 लाख रू. |
| 6. | ई–निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 02.01.2025 को 14:00 बजे |
| 7. | पूर्ण ब्यौरों और आगे के शुद्धिपत्र के लिए तथा ई–निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेलवे बोर्ड

3807/24 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम नोमी, पुत्र मोनाई राम, निवासी झुग्गी नंबर ए–832, शाहबाद डेयरी, दिल्ली** ने **FIR No. 826/21, U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम नोमी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम नोमी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 826/21, U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राम नोमी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री सार्थक पंवार
महानगर दण्डाधिकारी–05 (उत्तर)
न्यायालय कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16260/ON/2024(Court Matter)


# मानव अधिकार दिवस पर सम्मानित हुए केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ के प्रधानाचार्य

**सम्मान**

**समाज के हितार्थ, प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिए मानवतावादी दृष्टीकोण को देखते हुए मानव शांति अवार्ड से सम्मानित किया**



**राई।** केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ के प्रधानाचार्य विजेश कुमार को मानव अधिकार दिवस पर मानव अधिकार संरक्षण संघ द्वारा कुंडली स्थित विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था के द्वारा प्रधानाचार्या को समाज केहितार्थ, प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिए मानवतावादी दृष्टीकोण को देखते हुए मानव शांति अवार्ड से सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों में नवाचार के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं को भी नए प्रारूप में लाकर बच्चों को श्रेष्ठतम शिक्षा देने का कार्य कर रहे है। संस्था के अनुसार ऐसी महान विभूतियां समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अपनी भागीदारी का पूर्णतया निर्वहन कर रहे है। प्रधानाचार्य विजेश कुमार ने अदभूत कार्य विद्यालय में विद्यार्थियों के हितों के लिए कराए है और अध्यापन कार्य क्षेत्र से जुड़े होने के कारण भी समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेकने का काम उनके द्वारा किया गया।

## सरकारी नाला तोड़ने के मामले में एसडीएम ने जेई को किया तलब

**गन्नौर।** अगवानपुर रेलवे फाटक के पास राजलू गढ़ी रोड पर जनस्वास्थय विभाग के नाले को तोड़े जाने के मामले में बुधवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर ने जनस्वास्थ्य विभाग के जेई को तलब किया। उन्होंने जेई को मौका निरीक्षण कर उन्हें रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि सरकारी संपत्ती को नुकसान पहुंचाया गया है तो संबंधित लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी अमल में लाएं। बता दें कि जनस्वास्थ्य विभाग ने रेलवे फाटक के पास से गंदे पानी की निकासी के लिए बनाया था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सौरव कुमार, पुत्रः राज कुमार उर्फ राजू, पताः 192, गली नं. 06, फेज–07, शिव विहार, करावल नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 335/16, U/s 279/338 IPC, पुलिस थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सौरव कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सौरव कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 335/16, U/s 279/338 IPC, पुलिस थाना करावल नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **सौरव कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 64, चौथी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16210/NE/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जाखेर हुसैन, पुत्र मुन्ना उर्फ चाँद बाबू निवास जे-147, गली नं. 5, सरदार कॉलोनी, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 162/2021, भा.द.सं. की धारा 380/511 के तहत, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **जाखेर हुसैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **जाखेर हुसैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 162/2021, भा.द.सं. की धारा 380/511 के तहत, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जाखेर हुसैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर जिला
कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./16207/रोहिणी जिला/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीव कुमार** पुत्र रमेश चंद निवासी मकान संख्या बी–2/288, रघुबीर नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 434/2014 धारा 279/174ए भा.द.स., थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजीव कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजीव कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 434/2014 धारा 279/174ए भा.द.स., थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संजीव कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **14.02.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री शशांक नन्दन भट्ट,
न्यायकि दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (पश्चिम)
कमरा नंबर 356, तीसरा तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16136/WD/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोविंद कश्यप पुत्र** चंद्रपाल, **निवासी:** मकान नं. 25, गली नं0 3, ओल्ड अर्जुन नगर, दिल्ली–110053, ने **CC No. 7279/21, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन कश्मीरी गेट, दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोविंद कश्यप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोविंद कश्यप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 7279/21, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन कश्मीरी गेट, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **गोविंद कश्यप** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
(एनआई एक्ट), सैंट्रल, कमरा नं0–2,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16256/N/2024
(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

क) **कुल नौः (09) स्टॉलः** गन्नौर, मेरठ कैंट, पापीनत, मेरठ सिटी, करनाल, गुड़गांव, दिल्ली कैंट और पटौदी रोड स्टेशनों पर।

ख) **कुल बीस (20) ट्राली** : बल्लभगढ़, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, नांगलोई, शकूरबस्ती, बागपत रोड, जुलाना, सांपला, ओखला, नरेला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, असावटी और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- गाजियाबाद, समालखा, सोनीपत, गन्नौर, मेरठ कैंट और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1,2,3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (असावटी, बागपत रोड, जुलाना, सांपला, ओखला, दिल्ली किशनगंज, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।

ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद **18.12.2024,** 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

3802/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सड़क किनारे खड़े परिवार को बस ने मारी टक्कर

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में नेशनल हाईवे नौ पर शादी समारोह से लौट रहे लोगों को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपती समेत तीन की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन** : लखनऊ–पू०उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०** : LJN- VPU-13-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 10–12–2024 समयः 13:10 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)** : 26–12–2024 समयः 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय** : 26–12–2024 समयः 15:00 बजे,, **नीलामी का प्रकार** : Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है**: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा०- 197 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


## सर्दी के मौसम में सड़कों से सफेद पट्टी हो रही गायब

**गन्नौर।** सर्दी की शुरूआत के साथ अब जल्द ही कोहरा छाना शुरू हो जाएगा। ऐसे में कोहरे में होने वाले हादसों को रोकने के लिए प्रशासन की तैयारियां अभी तक पूरी नही हुई हैं। क्षेत्र के कई सड़क मार्गों से सफेद पट्टी और संकेतक गायब हैं। इससे धुंध में हादसों की संभावना बढ़ जाएगी। कई ग्रामीण क्षेत्रों के लिंक मार्गों पर भी सफेद पट्टी मिट चुकी हैं, जो वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। कोहरे के कारण सुबह और शाम के समय दृश्यता बेहद कम हो जाती है। सड़क पर पर बनी सफेद पट्टी चालकों के लिए वाहन संचालन में सहायता करती है। प्रशासन की तरफ से कई मार्गों पर सफेद पट्टी लगाने का कार्य कर दिया गया है, लेकिन अब भी कई सड़कों पर काम शुरू तक नहीं किया गया।

**–इन सड़कों पर नहीं है सफेद पट्टी** गन्नौर से शाहपुर सड़क मार्ग पर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। अभी हाल ही में यहां सड़क निर्माण किया गया है, लेकिन सड़क पर सफेद पट्टी नहीं लगाई गई। इस सड़क पर खेत लगने की वजह से गहरा कोहरा छा जाता है। जिस वजह से सफेद पट्टी लगाने की यहां सबसे अधिक जरूरत है। काहरे के सीजन में यह वाहन चालकों के लिए परेशानी बन सकती है।


**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

संख्या-N0:**7PUB/NR-DLI0COMM(PUB)/33/2023** दिनांकःDated: 10/12/2024

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर विज्ञापन/गैर–किराया राजस्व के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (https://ireps.gov.in) के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित करता है:

| ई–कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन/स्थान | ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| ADVT-DEC-03-24 | मोबाइल एसेट्स–विनाइल रैपिंग (ट्रेनें) | प्राथमिक रखरखाव वाली ट्रेनें=16 लॉट | प्रारंभ होने का समयः 23/12/24 को 11:00 बजे |
| ADVT-DEC-04-24 | आउट ऑफ होम साइट्स–यूनिपोल जोन | तुगलकाबाद सेक्शन = (1 लॉट) | प्रारंभ होने का समयः 24/12/24 को 11:00 बजे |
| | आउट ऑफ होम साइट्स– स्टेशन जोन | दिल्ली (2 लॉट), हजरत निजामुद्दीन (1 लॉट), आनंद विहार टर्मिनल (1 लॉट) = (कुल 4 लॉट) | |
| | एलईडी वीडियोवॉल्स–आरडीएन | दिल्ली (3 लॉट), हजरत निजामुद्दीन (1 लॉट), नई दिल्ली (2 लॉट), पलवल (1 लॉट) = (कुल 7 लॉट) | |
| | विश्राम सह रिक्लाइनर चेयर | हजरत निजामुद्दीन (1 लॉट) | |
| ADVT-DEC-06-24 | आरडीएन–गैर डिजिटल | नई दिल्ली (पहाड़गंज की तरफ) = 1 लॉट | प्रारंभ होने का समयः 25/12/24 को 11:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/(E-Auction-Leasing) | |

आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

– ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

– ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

| | |
|---|---|
| किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण | Divisional Railway Manager's Office, Commercial Branch, State Entry Road, New Delhi 110055; Email:publicitycelldli@gmail.com Tel: 011-23743084 |

3804/2024 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## सार्वजनिक सूचना

**मैं सूरज कुमार सुपुत्र श्री जानकी सरन मंडल निवासी मकान न०-73, ए-ब्लॉक विकास नगर, फेस-1, उत्तम नगर दिल्ली-110059 , सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम रामप्रभंजन मंडल है, मैने इसे बदलकर सूरज कुमार कर लिया है, भविष्य मे मुझे सूरज कुमार के नाम से ही जाना जाये। सूरज कुमार तथा रामप्रभंजन मंडल एक ही व्यक्ति हैं।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# बीजेपी ने लोगों के वोट कटवाए: अरविंद केजरीवाल

## आप ने बीजेपी पर वोट कटवाने का आरोप लगाया, आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में 3800 से ज्यादा कटवाए वोट: केजरीवाल

**वोट क्यों काटे**

**आम आदमी पार्टी ने कई इलाकों का आंकड़ा निकाल कर चुनाव आयोग को सौंपा है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को चीफ इलेक्शन कमिश्नर से मिले। ।

**आप ने चुनाव आयोग को सौंपा कई इलाकों का आंकड़ा**

आम आदमी पार्टी ने कई इलाकों का आंकड़ा निकाल कर चुनाव आयोग को सौंपा है। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आप बार-बार चुनाव आयोग से शिकायत कर रही है। आप कहना है कि बीजेपी की इस साजिश का पर्दाफाश होना चाहिए।

**बीजेपी पर वोट कटवाने का आरोप लगा रही आप** आम आदमी पार्टी पिछले कई दिनों ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर वोट कटवाने का आरोप लगा रही है। इसी के चलते केजरीवाल चीफ इलेक्शन कमिश्नर से मुलाकात की।

**भाजपा ने 3,800 लोगों के वोट कटवाने को किया आवेदन**

आप ने मंगलवार को फिर भाजपा पर वोट कटवाने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे पर प्रेसवार्ता कर आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि शाहदरा के अलावा आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा ने 3,800 से ज्यादा मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटने के लिए आवेदन किया है।

**1,800 मतदाता जीवित मिले**

उन्होंने दावा किया कि अब तक कि जांच में 3,800 में से 1,800 मतदाता जीवित मिले हैं। पूरी सूची की जांच में अभी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि आप जिन बूथों पर हमेशा जीतती आई है, सबसे ज्यादा वहीं के वोट काटने के लिए आवेदन किया गया है। भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर बेईमानी का सहारा लेकर दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती है।


शैली ओबेरॉय | आले मोहम्मद इकबाल | नरेंद्र चावला

### कई और पार्षदों पर दांव लगा सकती हैं आप और बीजेपी, चर्चा में कई नाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) में सात विधानसभा सीटों पर पार्षदों को टिकट मिलने से जहां शेष सीटों पर भी पार्षदों की दावेदारी मजबूत हो गई है। पार्टी में पूर्व मेयर व पूर्व मेयर को भी टिकट मिलने की संभावनाएं नजर आ रही हैं। भाजपा में भी जहां अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है, उसके भी पूर्व व वर्तमान पार्षद उत्साह में आ गए हैं। अभी तक डोर टू डोर और अन्य जरियों से जनता में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने में जुटे पार्षदों ने अब नेतृत्व को अपने समीकरण बताने शुरू कर दिए हैं। वह अपने वार्ड में वोटों की जीत का अंतर बताकर अपनी दावेदारी को मजबूती से पेश कर रहे हैं।

**नेताओं में मची खलबली**

दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2007 से 2022 तक भारतीय जनता पार्टी सत्ता में थी। चूंकि वर्ष 2012 से 2022 तक तीन नगर निगम दिल्ली में काम कर रहे थे तो उनके पास ऐसे पूर्व और वर्तमान पार्षदों की लंबी लिस्ट है, जो या तो महापौर व उपमहापौर रहे हैं या फिर स्थायी समिति व अन्य किसी वार्ड कमेटी में चेयरमैन रहे हैं। ऐसे में ज्यादातर सीटों पर भाजपा के पास ऐसे प्रत्याशियों की दावेदारी खूब मजबूत है। जबकि 2017 से निगम की राजनीति में आई आप पहले विपक्ष में थी और 2022 से सत्ता में हैं।

# सफदरजंग अस्पताल में स्तनपान प्रबंधन यूनिट की शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सफदरजंग अस्पताल में बुधवार को स्तनपान प्रबंधन यूनिट (एलएमयू) की शुरूआत की गई। यह केन्द्र सालाना 2000 नवजात शिशुओं को लाभान्वित करेगा, जो सफदरजंग अस्पताल के मदर न्यूबॉर्न इंटेंसिव केयर यूनिट (एमएनआईसीयू ) में भर्ती होंगे।

इस केन्द्र की शुरूआत के अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि स्तनपान भारत की अर्थव्यवस्था में 626 मिलियन अमेरिकी डालर जोड़ सकता है। स्तनपान प्रबंधन यूनिट की सुविधा सफदरजंग अस्पताल में नवजात मृत्यु दर और रुग्णता को काफी हद तक कम करेगी। मदर न्यूबॉर्न इंटेंसिव केयर यूनिट की प्रभारी डॉ. सुगंधा आर्य ने बताया कि देश में प्रति वर्ष 27 मिलियन बच्चे जन्म लेते हैं।

**लाभान्वित**

**इंटेंसिव केयर यूनिट की प्रभारी डॉ. सुगंधा आर्य ने बताया कि देश में प्रति वर्ष 27 मिलियन बच्चे जन्म लेते हैं**

# मनी लॉड्रिंग: जीशान-दाऊद को मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एएस** ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जीशान हैदर और दाऊद नासिर को जमानत दे दी है। इस मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान भी आरोपित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोनों आरोपित 11 नवंबर, 2023 से हिरासत में हैं और ट्रायल कोर्ट में अभी आरोप भी तय नहीं किए गए हैं। इस मामले में 29 गवाह हैं और चार हजार पेजों के पचास से ज्यादा दस्तावेज हैं, जिन्हें ईडी ने साक्ष्य के रूप में पेश किया है। इस मामले में 23 नवंबर 2016 को सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त, 2022 को राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली वक्फ बोर्ड के मामले में सीबीआई के बाद ईडी ने भी मनी लांड्रिंग कानून के तहत मामला दर्ज किया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले चुका है।




**वक्फ बोर्ड**

**ईडी ने जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर और जीशान हैदर को आरोपित बनाया**

ईडी ने 9 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। करीब पांच हजार पेज की चार्जशीट में ईडी ने जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर को आरोपित बनाया है।

## जांच के दौरान पुलिस कार्यकर्ता नदीम को गिरफ्तार नहीं करेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम खान को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। सुनवाई के दौरान नदीम खान ने भी जांच में सहयोग करने का भरोसा दिया। इसके बाद जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने नदीम खान के खिलाफ साकेत कोर्ट की ओर से जारी गैरजमानती वारंट को निरस्त करते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया। नदीम खान जांच में सहयोग कर रहे हैं और आगे भी जांच में सहयोग करते रहेंगे।

# एयरपोर्ट पुलिस की एजेंटों पर कार्रवाई 11 महीने में 540 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट पर रोजाना हजारों की संख्या में हवाई यात्री दूसरे देशों से भारत आते व जाते हैं। वो एयरपोर्ट से बाहर निकलकर होटल में या अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए निकलते हैं। इस दौरान उन्हें किसी तरह की और असुविधा न हो दलालो के चक्कर में फंसकर वह मिस गाइड न हों या फिर उनके चक्कर में फंसकर ठगी का शिकार ना हों इसको लेकर लगातार एयरपोर्ट पुलिस दलालों के ऊपर शिकंजा कसने का अभियान चलाती रहती है। इस संदर्भ में अब तक 540 दलालों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही उनकी 254 गाड़ियों को भी जब्त किया जा चुका है। यह कार्रवाई लगातार चल रही है। पिछले साल 2023 के मुकाबले इस बार लगभग 2 गुना अधिक गिरफ्तारी की गई है। 2023 में 264 दलालों को दबोचा गया था और 96 गाड़ियों को जब्त किया गया था। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बुधवार को बताया कि विश्व में एयरपोर्ट की छवि खराब ना हो और दूसरे देशों से आने वाली हवाई यात्री इन दलालों के चंगुल में न फंस सकें, इसके लिए जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत लगातार एयरपोर्ट पुलिस कार्रवाई कर रही है। लगातार फूट पेट्रोलिंग, मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग के अलावा ज्वाइंट ऑपरेशन भी चलाया जाता है। जिससे कि लगातार इनके खिलाफ करवाई होती रहे। पुलिस के अनुसार एक दो बड़े ऐसे मामलों में एयरपोर्ट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें मोटी रकम ठग ली गई थी। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 540 दलालों में 373 दिल्ली के, 107 उप्र के, 32 हरियाणा के, 11 बिहार के और बाकी राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और सिक्किम के रहने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि सक्रिय दलाल हवाई यात्रियों को निशाना बनाते हैं, खास करके रात के समय में उन्हें सस्ती दरों पर सेवा का प्रलोभन देकर उन्हें मिस गाइड करते हैं। ऐसे दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कानूनी प्रावधान भी है।

सितंबर में विदेशी नागरिक से 98,700 ठग लिए गए थे, जब वह हवाई यात्री रात के समय एयरपोर्ट पहुंचा था। दलालों ने यह कहकर ठगी किया कि दिल्ली में हैवी प्रोटेस्ट हो रहा है और उस वजह से होटल और पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद है। उसकी जगह बेहतर इंतजाम करने के बदले मोटी रकम ठग लिया था।



**सख्ती**

**विदेशी नागरिक से 98,700 ठग लिए गए थे, जब वह हवाई यात्री रात के समय एयरपोर्ट पहुंचा था**

# रामज स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रामजस पचिवक स्कूल डे बोर्डिंग आनंद पर्वत का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह तालकटोरा स्टेडियम में पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम 'ECHOES IN STONE' के मुख्य अतिथि सांसद योगेंद्र चंडोलिया रहे। सांसद योगेंद्र चंडोलिया ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योगेंद्र चंडोलिया का स्वागत विद्यालय के चेयरमैन अतुल गुप्ता तया सचिव कैलाशनाथ बंसल ने स्मृति-चिप्त भेंट किया तथा उनका पुष्पों से अभिनंदन किया। प्रधानाचार्या सारिका अरोड़ा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व विद्यालय की उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि ने रामजरा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की व विद्यालय की शिक्षा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। रामजस के सौ वर्षों के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए योगेंद्र चंडोलिया ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर इस संस्थान को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। साथ ही छात्री का भी उत्साहवर्धन किया। वहीं छात्रओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सचिव कैलाशनाथ बंसल ने गणमान्य अतिथि विद्यालय के सभी कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद दिया।

**समारोह में सांसद योगेंद्र चंडोलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही, छात्रों का बढ़ाया उत्साह**

# मानहानि मामले पर बांसुरी को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर दीवानी मानहानि मामले पर सुनवाई करते हुए बांसुरी स्वराज को नोटिस जारी किया है। सीनियर सिविल जज नैना गुप्ता ने मामले की अगली सुनवाई 22 फरवरी को करने का आदेश दिया।

सत्येंद्र जैन ने बांसुरी स्वराज के अलावा एक न्यूज चैनल और ट्विटर को भी पक्षकार बनाया है। सत्येंद्र जैन ने दीवानी मानहानि के जरिये बांसुरी स्वराज से एक रुपये के मुआवजे का दावा किया है। सत्येंद्र जैन ने बांसुरी स्वराज के खिलाफ राऊज एवेन्यू कोर्ट में आपराधिक मानहानि का भी केस दायर कर रखा है। आपराधिक मानहानि के मामले पर राऊज एवेन्यू कोर्ट 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगा। सत्येंद्र जैन ने याचिका दायर कर कहा है कि बांसुरी स्वराज के बयान ने उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की है। सत्येंद्र जैन ने कहा है कि बांसुरी स्वराज ने कहा था कि उनके घर से तीन करोड़ रुपये बरामद किए गए थे। याचिका में कहा गया है कि बांसुरी स्वराज ने अपने बयान में कहा कि उनके घर से 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्के मिले थे।

**जवाब तलब**

**सत्येंद्र जैन ने कहा है कि बांसुरी स्वराज ने कहा था कि उनके घर से तीन करोड़ रुपये बरामद किए गए थे**

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ऑटो चालकों से मुलाकात कर किए सात वादे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। भारतीय** जनता पार्टी( भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर टैक्सी और ऑटो रिक्शा चालकों से मुलाकात की और ऑटो चालकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल के दस साल के शासन पर सवाल खड़े किए। उनके साथ भाजपा के स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। ऑटो चालकों से मिलने के बाद वीरेन्द्र सचदेवा ने आआपा को संयोजक अरविन्द केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 10-12 वर्षों में उन्होंने ऑटो चालकों को केवल धोखा ही दिया है और उनके उत्थान के लिए कुछ नहीं किया है। चुनाव नजदीक देख वे एक बार फिर नई-नई घोषणाएं कर रहे हैं। सचदेवा ने सवाल किया कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे अब तक किसका इंतजार कर रहे थे? सरकार उनकी है। वे खुद मुख्यमंत्री रहे और अब उनका मोहरा मुख्यमंत्री हैं। तब आज या अब भी ऐसा करने में क्या दिक्कत है। हमारे ऑटो चालक भाई समझते हैं कि पिछले 10 सालों में केजरीवाल सरकार ने उन्हें सिर्फ ठगा है और धोखा दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर टैक्सी और ऑटो रिक्शा चालकों से मुलाकात के दौरान कहा, सिर्फ घर पर चाय पर बुलाने और उनसे बात करने से आपके परिवारों का जीवन बेहतर नहीं हो सकता। हमें उनकी वास्तविक समस्या को समझना हो और उसका समाधान करना होगा। दिल्ली में पिछले 10 वर्षों में मैंने ऑटो चालकों के साथ लगातार संवाद किया है और मैं उनकी वास्तविक स्थिति से परिचित हूं। उसी को आधार बनाकर हमने सात प्रमुख बातों को अपनी पहली प्राथमिकता में शामिल किया है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनाने के बाद ऑटो चालकों के लिए काम करेगी। भाजपा नेता ने ऑटो वालो से सात वादे किए हैं। पहला, हर लाइसेंस धारी ऑटो वाले के बच्चों की स्कूली शिक्षा मुफ्त होगी और उनके उच्च शिक्षा लेने के इच्छुक बच्चों को सरकार वजीफा देगी। दूसरा, दिल्ली के सभी ऑटोवालों के लिए विशेष योजना लाकर 17 सितंबर 2025 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं के अंतर्गत जीवन बीमा कवर दिया जाएगा। तीसरा, दिल्ली के सभी ऑटो वाले जिनके पास निजी आवास नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।





# वैश्विक गीता पाठ का साक्षी बना धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र...

**धर्मक्षेत्र**

**मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में की शिरकत सीएम ने की घोषणा, कुरुक्षेत्र के थीम पार्क का नाम अब होगा केशव पार्क**






**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित थीम पार्क अब केशव पार्क के नाम से जाना जाएगा। इसका उद्देश्य भारत में महान धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और अधिक संरक्षित और बढ़ावा देना है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में वैश्विक गीता पाठ में भाग लेने वाले स्कूली छात्रों के लिए गुरुवार को विशेष अवकाश की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने आज धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान 18 हजार बच्चों के द्वारा वैश्विक गीता पाठ- अष्टादशी श्लोक कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, तंजानिया की पर्यटन मंत्री पिंडी चाना, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गीता स्थली ज्योतिसर में पवित्र ग्रंथ गीता की पूजा-अर्चना की और इसके उपरांत उन्होंने हवन-यज्ञ में पूर्ण आहुति भी डाली। मुख्यमंत्री ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र व भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप का भी अवलोकन किया।

## जीवन में हर व्यक्ति को हर हालात में अपने कर्तव्यों का करना चाहिए पालन

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता का हर श्लोक हमें एक नया दृष्टिकोण और जीवन जीने की नई प्रेरणा देता है। श्रीमद् भगवद् गीता केवल अर्जुन और भगवान श्रीकृष्ण जी के संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे हर प्रश्न का समाधान करती है। गीता का पहला और सबसे महत्वपूर्ण संदेश है जीवन में हर व्यक्ति को धर्म और कर्तव्य का पालन करना चाहिए। समाज में यदि हर व्यक्ति अपना कर्तव्य निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं, तो समाज में अनुशासन और संतुलन बना रहेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी एवं गीता जयंती पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान से प्रार्थना की कि वे प्रदेशवासियों के जीवन को ज्ञान के आलोक से आलोकित करें। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 5162 वर्ष पहले भगवान श्री कृष्ण जी के मुख से श्रीमद् भगवद् गीता का उद्घोष हुआ था। आज 18 हजार विद्यार्थियों द्वारा अष्टादशी श्लोकों से आकाश गुंजायमान हुआ है। यह गर्व की बात है कि आज अनेक देशों में गीता का पाठ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस गीता पाठ के न केवल धार्मिक, बल्कि वैज्ञानिक अर्थ भी हैं। जिन 18 छंदों का पाठ आज किया गया है, वह अपने आप में एक प्रार्थना है, गीत है, और शांति का आह्वान है।

**प्रधानमंत्री के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने एक नए युग की तरफ बढ़ाया कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गीता को पूरी मानव जाति के लिए उपयोगी मानते हैं। उन्होंने कहा है कि 'गीता के माध्यम से भारत ने देश और काल की सीमाओं से बाहर पूरी मानवता की सेवा की है। प्रधानमंत्री के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने एक नए युग की तरफ कदम बढ़ाया है। उनकी नीतियों से गरीब, मजदूर, किसान, युवा और महिलाओं सहित हर वर्ग को विकास की गारंटी मिली है।

## विरासत और जीवन का मूल सिद्धांत है: तंजानिया मंत्री

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के सहयोगी देश तंजानिया की पर्यटन मंत्री पिंडी चाना ने कहा कि कुरुक्षेत्र एक पवित्र स्थान है जहाँ वेदों और पुराणों की रचना हुई। पौराणिक कथाओं में इस भूमि को सर्वश्रेष्ठ तीर्थों में माना गया है। महाभारत में कुरुक्षेत्र को तीनों लोकों में सबसे विशेष तीर्थ कहा गया है। यह वही पावन स्थल है जहां हजारों वर्ष पूर्व भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का दिव्य ज्ञान दिया था। यह भूमि धर्म की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, यह संस्कृति का उत्सव, विरासत और जीवन का मूल सिद्धांत है। गीता का संदेश हमें सिखाता है कि मानव जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य सत्य में निहित है। धर्म और मानवता की सेवा में गीता जीवन के हर पहलू में मुख्य मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने इस महोत्सव का आयोजन करके एक सराहनीय काम किया है। इस गीता महोत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से हरियाणा सरकार ने प्राचीन विरासत को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। इन प्रयासों ने न केवल भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दिया है बल्कि हरियाणा राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर प्रमुख स्थान भी दिलाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने तीर्थों के संरक्षण के लिए कई दूरदर्शी प्रयास किए हैं। कुरुक्षेत्र भारत के इतिहास और संस्कृति का एक अनूठा केंद्र है। इस पवित्र भूमि में 48 कोस तक फैले तीर्थस्थल महाभारत और वैदिक कथाओं से जुड़े हैं।

# न्यूज फ्लैश

## पंकज अग्रवाल को हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा तथा चुनाव विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री पंकज अग्रवाल को हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## किसी न किसी बहाने से जनता की जेब काटने में लगी हुई है भाजपा सरकार: कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार किसी न किसी बहाने से लोगों की जेब काटने में लगी रहती है, वायदा करके मुकरना भाजपा की पुरानी आदत है, अभी तक किसी भी महिला के खाते में 2100 रुपये प्रतिमाह नहीं डाले गए है उधर महंगाई लोगों के मुंह का निवाला भी छीनने में लगी हुई है, ये सरकार किसी की भी बात सुनने को तैयार नहीं है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव के समय जनता को लुभाने के लिए भाजपा वायदे पर वायदे करती है और चुनाव जीतने के बाद भूल जाती है, इतना ही नहीं पहले से जो सुविधाएं दी जा रही थी उनमें भी कटौती कर देती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 11,08,383 बीपीएल परिवारों की रसोई से भाजपा ने अब सरसों का तेल भी छीन लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे गुजारा कर रहे 52 लाख से अधिक परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल में अब 24 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक की भारी कटौती कर दी गई है। आखिर भाजपा गरीबों से किस जन्म का बदला ले रही है। एक ओर जहां महंगाई के दौर में गरीबों को मदद की जरूरत थी वहीं भाजपा ने उन्हें मदद देना ही बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्धारित पीडीएस सिस्टम के मुताबिक दिसंबर महीने के लिए कुल 1,04,01,832 लीटर तेल की जरूरत, मगर वितरण के लिए केवल 67,48,721 लीटर सरसों तेल ही उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने अपने जुमला पत्र में हर महीने महिलाओं को 2100 रुपये और 500 में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम नायब सिंह सैनी ने हर मंच से हर सभा में ऐसा ही वायदा किया था पर इस पर आज तक कोई अमल ही नहीं किया गया और सरकार इन घोषणाओं पर भी कुंडली मारकर बैठ गई है। पानीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीमा सखी योजना का शुभारंभ करने आए थे तब प्रदेश की महिलाओं को लगा था कि पीएम हर माह 2100 रुपये देने का वायदा पूरा करके जाएंगे पर ऐसा हुआ नहीं जिससे प्रदेश की महिलाओं को निराशा ही हाथ लगी। झूठे वादों की झड़ी के बाद भाजपा ने हरियाणा के लोगों की जेब काटना शुरू कर दिया है। हर बार प्रदेश के किसानों और युवाओं को धोखा देने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं और गरीबों के साथ एक के बाद एक क्रूर मजाक कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र जनता के सामने आने लगा है।

## फरीदाबाद: नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के होंगे पोस्टल चालान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में पुलिस ने नो-पार्किंग एरिया में वाहन खड़ा करने को लेकर एडवाइजरी जारी की है। पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस 12 दिसंबर से विशेष अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि वाहन चालक अपने वाहनों को इधर-उधर, नो पार्किंग में खड़ा करके यातायात को बाधित करते हैं, जिस कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई बार तो ऐसे वाहनों के कारण दुर्घटना हो जाती है। जिस संबंध में संज्ञान लेते हुए नो पार्किंग में खड़े हुए वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा 12 दिसंबर से ऐसे वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। नो पार्किंग में खड़े हुए वाहनों को क्रेन के माध्यम से उठाकर यार्ड में खड़ा किया जाएगा और वाहनों के पोस्टल चालान किए जाएंगे। यातायात पुलिस आमजन से अपील की है कि फरीदाबाद में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस का सहयोग करें और नो पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा न करें। अन्यथा ऐसे वाहनों के विरुद्ध यातायात नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# युवा पीढ़ी के लिए गीता का ज्ञान अहम: शिवराज सिंह चौहान

### निस्वार्थ भाव से किया कर्म व्यक्ति को हमेशा सफलता की ऊंचाइयों पर ले जाता है: केंद्रीय मंत्री, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द बनेगा विश्व गुरु

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर बोलते हुए कहा कि 5161 साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से पूरे विश्व को गीता का उपदेश दिया। इन उपदेशों में कर्म करने और फल की इच्छा ना रखने का संदेश वैज्ञानिक दृष्टि से भी सही है। जो मनुष्य फल की इच्छा रखकर कार्य करता है, वह हमेशा परेशान रहता है और जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से कर्म करता है, वह व्यक्ति हमेशा सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। देश की भावी पीढ़ी को आज के संदर्भ में पवित्र ग्रंथ गीता को पढ़ने, जानने



और हृदय में धारण करने की निहायत जरुरत है। पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को धारण करके युवा पीढ़ी को अपने जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने का प्रयास करना चाहिए और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए । केंद्रीय मंत्री चौहान ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के कर्म की

**उपदेश**

**5161 साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से पूरे विश्व को गीता का उपदेश दिया: शिवराज सिंह**

प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत हजारों साल से ऋषि-मुनियों की पावन धरा रही है और ऋषि-मुनियों ने हमेशा पूरी दुनिया की चिंता की है। इन संतों ने सबको अपना माना और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस पावन धरा पर युवा पीढ़ी को संकल्प करना चाहिए कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। इससे स्पष्ट है कि भारत जल्द ही विश्व गुरु बनेगा। गीता जयंती समारोह में निमंत्रण के लिए उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद भी किया । इस अवसर पर बोलते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने देशवासियों को गीता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता जयंती के पावन पर्व पर विश्व के 45 देश और भारत में 4 हजार केंद्रों के साथ-साथ हरियाणा के सभी जिलों के लगभग 1 करोड़ 50 लाख लोग आज वैश्विक गीता पाठ और 1 मिनट एक साथ - गीता पाठ के साथ जुड़े।

## पंजाब रोडवेज पनबस और पी आर टी सी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी संघ की आंदोलन की चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब रोडवेज पनबस और पी आर टी सी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी संघ ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और रोडवेज बेड़े में बसों की संख्या दस हजार करने की मांगे समय रहते मंजूर न करने पर आगामी 18दिसंबर से आंदोलन शुरू किया जाएगा।

यूनियन के चेयरमैन बलविंदर सिंह रथ और जिला अध्यक्ष रेशम सिंह गिल ने यहां बुधवार को मीडिया को बताया कि 18 दिसंबर को गेट रैली की जाएगी, 22 दिसंबर को पंजाब के सभी विधायकों और मौजूदा मंत्रियों को मांग पत्र दिए जाएंगे और गेट बंद किया जाएगा। 2 जनवरी को रैली निकाली जाएगी और 6 जनवरी को पूरी तरह से चक्का जाम किया जाएगा और 7 जनवरी से पंजाब के मुख्यमंत्री के घर के सामने धरना दिया जाएगा.। अगर कोई समाधान नहीं हुआ तो फिर धरना दिया जाएगा । दिल्ली में एक बड़ा सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सरकार का पुरजोर विरोध किया जाएगा और हड़ताल समेत विशेष कार्यक्रमों में होने वाले नुकसान के लिए सरकार और प्रबंधन ही जिम्मेदार होगा। बाहरी राज्यों से चल रही हैं किलोमीटर स्कीम (प्राइवेट) बसें, परिवहन माफिया पंजाब के परिवहन विभाग को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा है।

## सेमेस्टर, यूजी और पीजी के लिए 31 तक कर सकते हैं री-रेजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) में जनवरी 2025 सत्र के लिए सभी बैचलर्स और मास्टर पाठ्यक्रमों में री-रजिस्ट्रेशन आरम्भ कर दिए हैं 31 जनवरी,2025 तक री-रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है।

ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने जुलाई 2024 सत्र में सैमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों जैसे एमबीए, एमसीए,एमकॉम, बीसीए आदि में दाखिला लिया है उनको अपने अगले सेमेस्टर में री-रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

## प्रदेश में अपराधों का चरम, सरकार सख्त कदम उठाए: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को कहा कि हरियाणा में गुरुग्राम के क्लब में धमाका, फेंके गए देसी बम, कुरुक्षेत्र में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या। 35 दिन में बदमाशों के साथ पुलिस की 15 मुठभेड़, चार पुलिसकर्मियों को लगी गोली। गोली कांड से दहला रोहतक। यह पिछले कुछ दिनों के अखबारों की सुर्खियां हैं, जो हरियाणा में तबाह हो चुकी कानून व्यवस्था का सबूत दे रही हैं। लगातार बढ़ रही वारदातों पर चिंता जाहिर करते हुए हुड्डा ने कहा कि रेप, हत्या, चोरी, लूट, डकैती और फायरिंग के बाद अब हरियाणा में बम फेंकने की वारदातें भी होने लगी हैं। हरियाणा की आर्थिक राजधानी गुरुग्राम में हुई बमबारी की वारदात ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में बदमाश पूरी तरह बेखौफ हैं। उन्हें पुलिस और सरकार का रत्तीभर भी डर

**मांग**

**हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना होता है**

नहीं है। बीजेपी सरकार सत्ता के सुरूर में सो रही है और अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना होता है। लेकिन बीजेपी जब से सत्ता में आई है, उसने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह फेर रखा है। यही वजह है कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसके चलते हरियाणा में निवेश लगातार घट रहा है। क्योंकि निवेशक उसी प्रदेश में आते हैं, जहां कानून व्यवस्था बेहतर हो।

## सर्दी में गर्मी का अहसास करवाती हैं जयपुरी रजाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** वजन में कम, देखने में पतली, लेकिन असर जोरदार है जयपुर रजाई का जो कि सर्दी में भी गर्मी का अहसास करवाती है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लगे शिल्प मेले में मधु नामक महिला द्वारा निर्मित सामान देश एवं विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मेले में आने वाला हर पर्यटक गुजरात के अहमदाबाद से आई मधु के स्टॉल नंबर 26 पर एकाएक रुक जाता है ,क्योंकि इस स्टॉल पर हाथ से निर्मित रजाई, बेडसीट, कुशन कवर और अन्य सजावटी समान रखा गया है। मधु ने बताया कि वह 40 वर्षों से हैंडीक्राफ्ट के



कार्य में लगी है। गत 4 वर्षों से वह गीता महोत्सव में आ रही है। इस बार वह विशेष रूप से जयपुरी रजाई के नाम से एक रजाई लेकर आई है, जो कि देखने में बहुत पतली है, लेकिन उसका असर जोरदार है। रजाई को लेकर पर्यटकों में भारी उत्साह है। खासतौर पर हाथ से निर्मित जो बेडसीट है और कुशन के कवर, उन्हें पर्यटक भारी संख्या में खरीद रहे हैं। उनका कहना है कि लोग अपने घरों को सजावटी सामान से सुंदर बनाने के लिए हैंडीक्राफ्ट की तरफ आकर्षित हुए हैं। हर कोई चाहता है कि वह अपने ड्राइंग रूम की शोभा इस शिल्पकला से बढ़ाएं। मधु के स्टॉल पर देखते ही देखते उब्जेकिस्तान के पर्यटक भोतिर

**आकर्षित**

**रजाई को लेकर पर्यटकों में भारी उत्साह है। खासतौर पर हाथ से निर्मित जो बेडसीट है और कुशन के कवर**

और रामजीदीन आए और उन्होंने मधु द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट का प्रशांसा की और सारे सामान को बड़ी जिज्ञासा के साथ देखा। यही नहीं उब्जेकिस्तान के भोतिर ने मधु द्वारा निर्मित कुशन कवर को खरीदा और उसके अच्छे दाम भी दिए। मधु के हाथों से निर्मित कवर मौसम में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

## राजस्थानी लोक नृत्य सहरिया स्वांग ने गीता महोत्सव में छोड़ी अपनी छाप

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के तट पर राजस्थान के लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य सहरिया स्वांग नृत्य अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में छाप छोड़ने का काम कर रहा है। ग्रुप लीडर के नेतृत्व में 15 सदस्यों की टीम सहरिया स्वांग नृत्य के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। सहरिया स्वांग नृत्य में कलाकर तीन प्रकार के नृत्यों के द्वारा अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हैं, जिसमें भस्मासुर स्वांग, कालिका का स्वांग व होलिका स्वांग के द्वारा अलग-अलग मुद्राओं में अपनी कला की छाप दर्शकों के मन पर छोड़ रहे हैं।



एक कलाकार ने बातचीत करते हुए कहा कि भस्मासुर स्वांग में भगवान शिव और भस्मासुर की विधाओं को दशार्या जाता है,इसी प्रकार कालिका स्वांग चैत्र मास में किया जाने वाला स्वांग है और इसी प्रकार होलिका स्वांग फागुन माह में किया जाने वाला नृत्य है। सहरिया स्वांग में कलाकार अपने शरीर को विभिन्न प्रकार के रंगों से रंगकर आदिवासी वेशभूषा में शेर, बन्दर, नाग इत्यादि का रूप बनाकर नृत्य करते हैं। कलाकारों ने बताया कि उन्हें यहां पर आकर अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिला है।

## सिविल सर्विसेज की राज्य स्तरीय टीमों का ट्रायल 24 दिसंबर से

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आल इंडिया सिविल सर्विसेज खेलों के लिए राज्य स्तरीय टीमों का ट्रायल 24 दिसंबर 2024 से किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा के खेल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले टेबल -टेनिस , कबड्डी , बास्केटबॉल , क्रिकेट और बैडमिंटन खिलाडियों के चयन के लिए संबंधित जिला खेल अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे। उन्होंने बताया कि आल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन चैम्पियनशिप हेतु 24 दिसंबर को पंचकूला में राज्य स्तरीय टीम का चयन होगा।

## गुरुग्राम-फरीदाबाद विकास प्राधिकरणों की सेवाएं अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण और फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की 16-16 सेवाएं अधिसूचित की गई हैं। मुख्य सचिव डा. विवेक जोशी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। इन दोनों महानगर विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र के भीतर स्थित इकाइयों के लिए सी.एल.यू. की अनुमति (सरकार की सक्षमता को छोड़कर) 60 दिनों में और प्राधिकरणों द्वारा सी.एल.यू. अनुमति प्राप्त स्थलों की भवन योजनाओं की स्वीकृति 90 दिनों में दी जाएगी। आक्यूपेशन सर्टिफिकेट बिना किसी अपराध के मामलों में




60 दिनों और अन्य मामलों में 90 दिनों में जारी किया जाएगा। पंजाब अनुसूचित सड़क और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम, 1963 के उपबंधों के अधीन ईंट-भट्टों और चारकोल भट्टों के लाइसेंस 30 दिनों में जारी किए जाएंगे। नए जलापूर्ति कनेक्शन, सीवरेज और ड्रेनेज कनेक्शन (थोक और औद्योगिक कनेक्शन) 12 दिनों में प्रदान किए जाएंगे। जल निकास के नए कनेक्शन भी 12 दिनों में जारी किए जाएंगे जबकि पानी का रिसाव और पाइप ओवरफ्लो की समस्याएं तीन दिनों में हल की जाएंगी। मुख्य सीवर लाइन के मेनहोल पर ब्लॉकेज या ओवरफ्लो को सात दिनों में ठीक किया जाएगा। इन दोनों प्राधिकरणों की पम्पिंग मशीनरी, इलेक्ट्रिक, वायरिंग, वितरण प्रणाली आदि में खराबी जैसी छोटी-मोटी समस्याओं

**प्राधिकरण**

**1963 के उपबंधों के अधीन ईंट-भट्टों और चारकोल भट्टों के लाइसेंस 30 दिनों में जारी किए जाएंगे**

के कारण जलापूर्ति बहाली तीन दिनों में की जाएगी। अनुपचारित जल की कमी, ट्रांसफार्मर जलना, एच.टी./एल.टी. लाइनों में खराबी आदि बड़ी समस्याओं के चलते जलापूर्ति बहाली छः दिनों में जबकि ट्रांसफार्मर जलना, एच.टी./एल.टी. लाइनों में खराबी, मुख्य जलापूर्ति लाइन में रिसाव आदि के कारण जलापूर्ति बहाली 10 दिनों में की जाएगी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व मंगल महायज्ञ में आहुति प्रदान की

## वैदिक ब्रम्हचारियों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ दिव्य शंख ध्वनि से लोक मंगल की कामना के साथ संपन्न हुआ

**धर्म एवं संस्कृति**

**स्वामी ज्ञानानंद ने कहा मातृभूमि सनातन धर्म एवं संस्कृति के सम्पोषण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** :अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा गीता जन्मस्थली ज्योतिसर में आयोजित अठारह दिवसीय विश्व मंगल महायज्ञ की पूणार्हुति कार्यक्रम वैदिक परम्परा से वैदिक ब्रम्हचारियों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ दिव्य शंख ध्वनि से लोक मंगल की कामना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिव्य गीता ग्रंथ एवं ज्योतिसर तीर्थ के पूजन से हुआ। पूणार्हुति कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आहुति प्रदान की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मातृभूमि सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पो एवं गीता जयंती के उपलक्ष्य में विगत बाइस वर्षो से राष्ट्रीय एवं श्रीमदभगवदगीता स्तर पर किये जा रहे कार्यो की सराहना की। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य में गीता जन्मस्थली ज्योतिसर में आयोजित अठारह दिवसीय विश्व मंगल महायज्ञ की पूणार्हुति कार्यक्रम गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा गीता जन्मस्थली ज्योतिसर में निरंतर किये जा रहे गीता के विभिन्न कार्यक्रमो के लिए मातृभूमि सेवा मिशन परिवार को शुभकामनाये प्रदान की। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा मातृभूमि सनातन धर्म एवं संस्कृति के सम्पोषण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा गीता श्रीकृष्ण द्वारा मोहग्रस्त अर्जुन को दिया गया उपदेश है जिसमें विश्व संरचना एवं मानव जगत के कल्याण का सार तत्त्व निहित है। गीता केवल उपदेश भरा ग्रंथ ही नहीं तो, बल्कि मानव इतिहास की सबसे महान सामाजिक, धार्मिक, दार्शनिक और राजनीतिक मूल्यों से परिपूर्ण एक महान ग्रंथ है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का आधार स्तम्भ श्रीभगवद्गीता है। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा गीता जन्मस्थली ज्योतिसर की नित्य स्वच्छता करने वाले सफाई कर्मियों को स्वच्छता प्रहरी सम्मान से मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



# श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में विद्यार्थियों को योग के प्रति किया जागरूक

**उत्साहपूर्वक**

**योगशाला में योग से संबंधित गतिविधियां विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक की।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में योग के प्रति जागरुकता व योग से मिलने वाले लाभ को लेकर योगशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि योग शिक्षक ओमप्रकाश आर्य व विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्णा ग्रुप चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य रुप से उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता प्राचार्य सुमेर सिंह यादव ने की। कॉर्डिनेटर स्मृति शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल में विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूकता के लिए ओमप्रकाश आर्य द्वारा योग करवाकर उनके होने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया। इसमें शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि योगशाला में योग से संबंधित गतिविधियां विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक की। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के योगासन, मुद्राएं, व्यायाम एवं प्राणाम की प्रक्रियाएं करवाई गई। योग शिक्षक ओमप्रकाश आर्य ने विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शरीर, मन एवं आत्मा को नियंत्रित करने में योग सहायता करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग शिक्षक ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, मंडूकासन, गोमुखासन, शलभासन, मकरासन, मर्कटासन तथा ध्यान मुद्रा का अभ्यास कराया और उसे दैनिक दिनचर्या से जोड़ने एवं उनसे लाभ के बारे में बताया। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है तथा स्वस्थ मस्तिष्क से ही उत्तम शिक्षा ग्रहण की जा सकती है तथा बिना योग के समुचित विकास संभव नहीं है। प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह ने कहा कि नियमित योग करने से मनुष्य स्वस्थ रहता है।

# श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर की पूजा-अर्चना




**फूलों से सजाया**

**एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को मोक्षदा एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोक्षदा एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करने के साथ व्रत रखने से हर तरह के कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। इस एकादशी का व्रत करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मोक्षदा एकादशी पर भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी और श्री कृष्ण की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि मोक्षदा एकदाशी के दिन भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी और श्री कृष्ण की पूजा करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के चतुर्भुज रूप का पूजन किया जाता है। इससे पितरों को मोक्ष मिलता है। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल गर्ग, महिंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, पवन गर्ग, हरीश गुप्ता व पवन गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गीता जीवन के लिए एक प्रेरणा है: जगमोहन आनंद

**कर्त्तव्यबोध**

**विधायक जगमोहन आनंद ने विशाल नगर शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन बुधवार को स्थानीय रामलीला ग्राउंड से करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने विशाल नगर शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने शोभा यात्रा में शामिल आर्य केंद्रीय सभा की तरफ से झांकी में सुशोभित श्रीमद्भगवद्गीता की आरती उतारी तथा यज्ञ में आहुति डाली। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, डीआईपीआरओ मनोज कौशिक, समाजसेवी राजेश अग्गी, रजनीश चोपड़ा सहित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। नगर शोभा यात्रा में शामिल विभिन्न शिक्षण संस्थाओं व धार्मिक संस्थाओं की झांकियों के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर गीता के प्रथम, मध्य और अंतिम श्लोकों का उच्चारण भी किया गया। इस वर्ष वैश्विक गीता पाठ का नाम 'एक मिनट-एक साथ गीता पाठइ रखा गया है।

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मीडिया से बातचीत करते हुए करनाल विधानसभा, प्रदेश व देश की जनता को गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयास से देश के साथ-साथ विदेशों में भी गीता का प्रचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान का जीवन के लिए एक प्रेरणा है और हमें अपने कर्तव्य का बोध कराती है।

# सड़क हादसे में गोशाला प्रधान हुआ घायल

**इलाज जारी**

**26 सितंबर को अपनी बोलेरो से दादरी में गोशाला की कोर्ट की तारीख से निपटकर महेंद्रगढ़ आ रहे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** एक जेसीबी ने बोलेरो को टक्कर मारी। जिसमें एक गौशाला प्रधान घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज जारी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गांव झुक निवास फौज से रिटायर्ड सूबेदार राजकुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि पिता सूबेदार ईश्वर सिंह गौशाला महेंद्रगढ़ में दूसरी बार प्रधान बने है। वह अपने ड्राइवर बदलू के साथ 26 सितंबर को अपनी बोलेरो से दादरी में गोशाला की कोर्ट की तारीख से निपटकर महेंद्रगढ़ आ रहे थे। जब वे पुल से रेवाड़ी रोड पर चढ़े जैसे ही रमेश पालड़ी के फॉर्म हाउस के सामने पहुंचे। तब बाई साइड से एक जेसीबी ड्राइवर तेज रफ्तार से आया और गाड़ी को टक्कर मार दी।

# समाधान शिविरों में किया जा रहा शिकायतों का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

उपायुक्त ने बताया कि करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में तीन शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक शिकायत का निपटारा कर दिया गया और दो शिकायतें लंबित हैं। इसी प्रकार नीलोखेड़ी उपमंडल में तीन शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका समाधान कर दिया गया। इंद्री उपमंडल में एक शिकायत प्राप्त हुई जो लंबित है। घरौंडा उपमंडल में छह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से पांच शिकायतों का समाधान कर दिया गया। उपमंडल असंध में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसका समाधान कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। जिला में प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए नगर निगम, नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

# जीवन जीने की कला सिखाती है गीता, हर समस्या का समाधान है गीता: योगेंद्र

**ज्ञान का सार**

**यह महोत्सव केवल जिला या प्रदेश स्तर का न होकर आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरे विश्व में मनाया जा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** स्थानीय डॉ. मंगल सेन सभागार में तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप और असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की ओर से एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया।

विधायक योगेंद्र राणा ने सबसे पहले सभी उपस्थितजन को गीता महोत्सव के पावन पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल जिला या प्रदेश स्तर का न होकर आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं जिनके प्रयासों से गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

उन्होंने कहा कि गीता एक पुस्तक नहीं अपितु एक पवित्र ग्रंथ है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है, हर मुसीबत से निकलने की और अधर्म पर धर्म की विजय की एवं सकारात्मकता की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए पवित्र ग्रंथ गीता और रामायण जैसे महान ग्रंथों को आत्मसात करवाना बहुत जरुरी है। इस आधुनिक दौर में जहां युवा पीढ़ी पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है, वहीं आज पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को आमजन तक पहुंचाने का कर्तव्य निभाने का प्रयास प्रत्येक मानव को करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को पवित्र ग्रंथ गीता से जोड? के लिए गीता महोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना जरुरी है। युवा पीढ़ी संस्कारवान बनेगी तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। इसी बात को मध्यनजर रखते हुए हरियाणा सरकार ने विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में गीता को शामिल किया है। उन्होंने बताया कि आज कुरुक्षेत्र की तरह यहां पर भी विद्यार्थियों ने श्लोकोच्चारण किया जो बहुत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि करोड़ों लोगों ने गीता का अनुसरण करके जीवन सफल बनाया है। उन्होंने प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की और इसमें सम्मिलित प्रशासन एवं अन्य सभी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# सम्पत्ति कर शाखा के अधिकारियों को निगमायुक्त की दो टूक

**आदेश**

**सम्पत्ति कर की रिकवरी करने का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए: आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सम्पत्ति कर शाखा की बैठक लेकर अधिकारियों को दो टूक निर्देश देते कहा कि सम्पत्ति कर की रिकवरी करने का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि जो बकायादार सम्पत्ति कर भरने में रूचि न ले, तो उसकी सम्पत्ति की कुर्की करने की कार्रवाई की जाए। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, नायब तहसीलदार राम कुमार तथा कानूनगो सुरेश कुमार मौजूद रहे।

टैक्स रिकवरी को लेकर हुए सख्त- उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को सम्पत्ति कर की रिकवरी करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बकायादारों को नोटिस वितरित किए जा चुके हैं, उनसे रिकवरी करनी शुरू की जाए। बता दें कि शाखा की ओर से 50 लाख रुपये से ऊपर के 132 तथा 20 से 50 लाख रुपये के 68 बकायादारों को सम्पत्ति कर जमा करवाने के नोटिस सौंपे जा चुके हैं। निगमायुक्त ने क्षेत्रीय कराधान अधिकारियों को निर्देश दिए कि 5 से 20 लाख रुपये के बकायादारों की सूची तैयार कर उन्हें भी जल्द से जल्द नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक रिकवरी कर सम्पत्ति कर एकत्र करने का लक्ष्य दिया।

मच्छली पालन तथा हैफेड कार्यालय ने जमा करवाया टैक्स- निगमायुक्त ने बताया कि सरकारी कार्यालय भी सम्पत्ति कर भरने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मच्छली पालन विभाग करनाल ने 20 लाख रुपये तथा हैफेड कार्यालय ने करीब 6 लाख रुपये सम्पत्ति कर नगर निगम कार्यालय में जमा करवाया है। उन्होंने बताया कि अन्य विभागों से नगर निगम की बातचीत जारी है, उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जाकर सम्पत्ति कर जमा करवाने के लेटर दिए जा रहे हैं।

लाल डोरा क्षेत्रों से आई 160 आपत्तियां- उन्होंने बताया कि लाल डोरा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों की सम्पत्तियों की प्रॉपर्टी आई.डी. बनाकर एनडीसी पोर्टल व नगर निगम करनाल की वेबसाईट पर अपलोड की गई थी। इन्हे देखकर त्रुटि होने पर आपत्ति दर्ज करने के लिए एक माह का समय दिया गया था, जो 10 दिसंबर को पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब 160 आपत्तियां निगम कार्यालय में आई हैं। इन त्रुटियों को दुरूस्त करने के लिए गठित कमेटी इन पर निर्णय लेगी। आर.टी.एस. से बाहर न जाए कोई आपत्ति- उन्होंने निर्देश दिए कि एनडीसी पोर्टल पर आने वाली आपत्तियां आर.टी.एस. यानि राईट टू सर्विस एक्ट से बाहर नहीं जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी आपत्तियों का समय से निस्तारण किया जाए।

# आगामी 15 दिसम्बर तक चलेगा विशेष सदस्यता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**भाजपा** राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को लेकर भगवान परशुराम धर्मशाला में किशनपुरा मंडल के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गयो बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। बैठक को प्रदेश महामंत्री एवं सदस्यता अभियान की जिला प्रभारी डॉ अर्चना गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने सभी का स्वागत किया` भाजपा वरिष्ठ नेता जसमेर शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# समाधान शिविर में अधिकारी व्यक्तिगत कार्य समझ कर ले रूचि



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** सरकार की नई पहल के तहत आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या के समाधान के लिए अर्जी दे सकता है। निश्चित अवधि में समस्या का समाधान होगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में स्वयं उपस्थित हों। बुधवार को समाधान शिविर में 80 समस्याएं विभिन्न शिकायतकताओं द्वारा दी गई जिसका उपायुक्त ने अतिशीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए। ज्यादातर समस्याएं पुलिस विभाग, पैंशन विभाग,परिवार पहचान पत्र से संबंधित आई।

उपायुक्त ने इंदिरा कालोनी के दो मकानों से अवैध निर्माण हटाने के आदेश दिए है। इसकी कार्यवाही कल से प्रारंभ होगी। विदित रहे कि उपरोक्त स्थानों से फलाई ओवर बनना है। इस कार्य के लिए आईटीआई के प्रिंसीपल डॉ.कृष्ण कुमार को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि शहर की साफ सफाई को लेकर भी वे गंभीर है।

**उत्तर रेलवे**
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110 001
Mail ID : salenr365@gmail.com
संख्याः 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024–25 दिनांक : 11.12.2024
**उत्तर रेलवे के दिसंबर – 2024 नीलामी कार्यक्रम में शुद्धिपत्र**
दिसंबर -2024 के महीने के लिए नीलामी कार्यक्रम की अतिरिक्त तिथियां निम्नानुसार होंगी:

| क्र.सं० | मंडल | ई–नीलामी के लिए अतिरिक्त तारीख |
|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 20.12.2024 |

अन्य सभी नीलामी तिथियां, समय तथा निबंधन एवं शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी। ई–नीलामी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
(संदीप कुमार सिंह)
3809/2024 उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/ई
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 6-SEFile-272709Tender |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "कार्य के दायरे के अनुसार आरसीएनके/एसएनपी में 100 एलएचबी एसी कोचों के लिए सीसीटीवी की स्ट्रिपिंग, फिटमेंट, परीक्षण और कमीशनिंग का प्रावधान" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 85,18,122.10 जीएसटी @ 18% सहित (रुपये पचासी लाख अठारह हजार एक सौ बाईस और दस पैसे मात्र) |
| 4 | बयाना राशि | रु. 1,70,400.00 |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनाक 02.01.2025 खुलने का समय 13:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

सं.: 6-SEFile-272709Tender दिनांक: 11.12.2024 3803/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## लैंगिक और सामाजिक असमानताओं

**कोठारी** आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को खत्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की जरूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया। समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को खत्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर जोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50% बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँः शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है।

# राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी

निर्मल रानी

> “कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मजबूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुकाबला करने से लेकर पार्टी को मजबूत बनाने तक के लिये काफी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साजिशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं”

**देश में** पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी। राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का 'गोदी मीडिया ' केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था। गौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहाँ अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक जमीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, ''केरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल



में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है। बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गाँधी - नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गाँधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं।

निश्चित रूप से प्रियंका गाँधी ने न केवल दादी इंदिरा गाँधी व पिता राजीव गाँधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गाँधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है। राहुल गाँधी ने यूँही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि 2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हजार वोटों के भारी अंतर से जीते दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हजार रह गया है।

यहाँ मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हजार वोट मिले थे। इस लिहाज से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी। अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी काबिल- ए - तारीफ थे। उन्होंने कहा कि ह्यआपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख़्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं।ह्ल निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज उनका अंदाज तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है। प्रियंका गाँधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीके अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है।

कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मजबूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुकाबला करने से लेकर पार्टी को मजबूत बनाने तक के लिये काफी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साजिशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं। जिस तरह पूर्व में प्रियंका गाँधी ने महिलाओं की सुरक्षा के हक में आवाजें बुलंद की हैं ,कानून व्यवस्था के मुद्दे उठाये है दलितों,किसानों व गरीबों के लिये आवाज उठाई है उसी वर्ग को प्रियंका गाँधी के लोकसभा पहुँचने से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। माना जा सकता है कि प्रियंका समाज के शोषित व पीड़ित समाज की आवाज तो बनेंगी ही साथ ही राजनीति में अब एक नई इबारत भी लिखेंगी।

# कविता

## मेरे मौला ये खौफनाक मंजर क्यों

दिलों में नफरत हाथों में खंजर क्यों,
मेरे मौला ये खौफनाक मंजर क्यों ।।

कौम का बटवारा खून से सना हुआ ,
लहु की धार नफरत का असर क्यों।

या खुदा तेरी रहमत या कुछ और है ,
आँखों में तल्खी,जुबाँ पे जहर क्यों ।।

कहीं घर उजड़ा है कही दुकांन लुटी,
अमन गायब बचा अस्थि पंजर क्यों'

एक मिटटी से बनाया है हम सबको,
लाचार इंसान भला इतना जर्जर क्यों

आओ भूलो दंगे फसाद बनाएं नया संसार।
शांति अमन और चैन में संजीव कहर क्यों।।

संजीव

## बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिबंध

प्रियंका सौरभ

**सोशल** मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके जरिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और / या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की योजना की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की जरूरत है। संतुलन पर, ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना नहीं है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही प्रतिक्रिया है। ऐसे कम प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अन्य मानवाधिकारों पर इतना महत्त्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाले बिना। वैकल्पिक प्रतिक्रिया का एक उदाहरण सोशल मीडिया कंपनियों पर देखभाल का कानूनी कर्तव्य रखना होगा। इसके लिए उन्हें अपने उत्पादों को बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए उचित कदम उठाने होंगे। देखभाल का वैधानिक कर्तव्य पेश करना सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार करने का एक सक्रिय तरीका होगा। आयोग समझता है कि सरकार द्वारा देखभाल के ऐसे कर्तव्य पर विचार किया जा रहा है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से उनके मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकर्ताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है।

# विचार

## संसद में टीशर्ट, जार्ज सोरेस और धनकड़

राकेश अचल

**संसद** में इन दिनों तमाशा ही तमाशा चल रहा है ,काम हो नहीं रहा। काम होगा भी नहीं ,क्योंकि सरकार कहती है कि उसके पास तमाम विधेयक पारित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। संसद के दोनों सदनों में जो कुछ हो रहा है उसमें से बहुत कुछ अप्रत्याशित भी है और बहुत कुछ प्रायोजित भी। संसद की गरिमा की फिक्र किसी को नहीं है। यदि आप संसद की कार्रवाई देखते हों तो आपको पता होगा की संसद के दोनों सदनों में भाजपा,कांग्रेस और शेष विपक्ष के सदस्यों का आचरण कैसा है । संसद चलाने वालों का आचरण कैसा है सबसे पहले लोकसभा की बात करें। लोकसभा में हंगामा जारी है ,क्योंकि सरकार ऐसा चाहती है । सरकार कांग्रेस के और विपक्ष के दूसरे दलों के सांसदों के प्रश्नों के उत्तर नहीं देना चाहती है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को और कुछ नहीं तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी की टीशर्ट पर ही आपत्ति है । उनका मानना है कि टीशर्ट पहनकर संसद में आने से सदन की गरिमा गिरती है। किरेन का ये तर्क आपके गले उतरता हो तो अलग बात है ,लेकिन मेरे गले तो नहीं उतरता। संसद के किसी भी सदन में अभी तक कोई ड्रेस कोड नहीं है ,क्योंकि संसद संघ की शाखा नहीं बल्कि देश भर के अलग-अलग हिस्सों से चुनकर आने वाले जन प्रतिनिधियों का मंच है । सबकी अलग-अलग वेश-भूषा है। लेकिन किरेन ये नहीं समझते।

लोकसभा में ही लोकसभा के अध्यक्ष अडानी या अम्बानी का जिक्र आते ही भड़क जाते है । वे कहते हैं कि अडानी या अम्बानी सदन के सदस्य नहीं है इसलिए उनका नाम सदन के भीतर नहीं लिया जा सकता ,लेकिन दूसरी तरफ लोकसभा अध्यक्ष को अमेरिका के जार्ज सोरोस का नाम लेकर कांग्रेस के नेताओं पर हमला किये जाने से कोई आपत्ति नहीं है। मुमकिन है की लोकसभा अध्यक्ष को लगता हो की जार्ज सदन के सदस्य हैं इसलिए उनके नाम का उल्लेख किया जा सकता है। सत्तारूढ़ दल विपक्ष के किसी भी आरोप पर,सवाल पर कुछ बोलने के बजाय बेसिर-पैर के मुद्दे उठाकर हर सवाल से बचने की कोशिश में लगा हुआ है ,यदि ऐसा न होता तो सदन में न राहुल की टीशर्ट पर सवाल उठते और न जार्ज सोरोस और कांग्रेस के रिश्तों पर।

अब चलिए राज्यसभा मे। यहां तो विपक्ष ने सभापति जगदीप धनकड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर ही दिया है। जाहिर है कि विपक्ष के सब्र का बांध टूट गया है ,अन्यथा सभापति का इतना मान तो होता है कि कोई उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव न लाये। सभापति सबके होते हैं, होना चाहिए ,लेकिन धनकड़ सबके नहीं हैं ,वे भाजपा के जीवनव्रती सदस्य बने रहना चाहते हैं। वे शायद भूल गए हैं कि वे अब बंगाल के राज्य पाल नहीं बल्कि राजयसभा के सभापति हैं। राजयसभा के सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा भी है कि उन्होंने धनकड़ जैसा पक्षपाती सभापति अपने पूरे जीवनकाल में नहीं देखा। मै एक साधारण पत्रकार हूँ लेकिन मैंने भी धनकड़ जैसा सभापति अपने जीवनकाल में नहीं देखा। सदन में भाजपा मणिपुर पर चर्चा नहीं कर रही। बांग्लादेश से बिगड़ते रिश्तों पर बहस नहीं कर रही ,उसका प्रिय विषय जार्ज सोरोस हैं।जॉर्ज सोरोस को लेकर भाजपा हमलवार है और कांग्रेस पर सोरोस से संबंध रखने का आरोप लगाया है. पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांगकी जिससे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. भाजपा का कहना है कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी उस संगठन से जुड़ी हैं, जो सोरोस से फंड लेती हैं। यही नहीं, पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने सोरोस के साथ हाथ मिलाया है। भाजपा को पता है कि कांग्रेस ने किस किस से हाथ मिला रखा है ,लेकिन उसे ये नहीं पता कि मणिपुर क्यों जल रहा है बांग्लादेश क्यों भारत से मुठभेड़ ले रहा है आप कहीं लिखकर रख लीजिये कि भाजपा संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारु रूप से चलने की कोई कोशिश करेगी ही नहीं और ठीकरा विपक्ष के सर फोड़कर अपनी जिम्मेदारी से बचकर निकल भागेगी। दोनों सदनों के सभापति सदन को सवार्नुमति से चलने में नाकाम साबित हो चुके है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## त्वचा की क्लीज़िंग कैसे करें

(डॉ. फौजिया नसीम 'शाद')

**स्वस्थ** त्वचा के लिए क्लीजिंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्वस्थ, सुंदर त्वचा तभी हो सकती है जब आप त्वचा की क्लींजिंग अच्छे से करें। नियमित रूप से दिन में दो बार क्लींज़िंग की जानी चाहिए एक सुबह और दूसरी सोने से पूर्व ।क्लींज़िंग आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने के साथ अनेक त्वचा सम्बंधी समस्याओं से सुरक्षा भी प्रदान करती है। सही क्लींजर का प्रयोग त्वचा को स्वस्थ और समस्या मुक्त रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । उपरोक्त लेख में कुछ उपयोगी होममेड क्लींजर की जानकारी दे रहे हैं जिन्हें उपयोग कर आप भी अपनी त्वचा को स्वस्थ और सुंदर रख सकते हैं।

**होममेड क्लींजर**

कच्चा दूध सबसे अच्छा क्लींजर है। इसमें मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा की गहराई से सफाई करता है।
त्वचा को साफ करने के लिए नमक भी एक बेहतरीन क्लींजर है।
नींबू का रस भी त्वचा को साफ करने वाला उपयोगी क्लींजर है।
खीरे का रस भी एक बेहतर एस्ट्रिजेंट का काम करता है।
दही में नींबू का रस मिक्स करके त्वचा पर लगाएं, ये भी तैलीय त्वचा के लिए उपयोगी क्लींजर है।
सेब के छिलके त्वचा पर हल्के हाथों से मलें, ये क्लींजर त्वचा में कसाव लाने के साथ निखार भी लाता है।
क्लींजिंग के लिए कच्चे आलू का रस भी उपयुक्त रहता है।
त्वचा के निखार और उसकी क्लींजिंग के लिए केसर को दूध में मिक्स करके कॉटन की सहायता से त्वचा पर लगाएं।
बेसन भी एक नेचुरल क्लींजर है जिसे आप गुलाब जल या मलाई के साथ भी प्रयोग कर सकती हैं।
स्टीमिंग भी क्लींजिंग का अच्छा माध्यम है।
नारियल का दूध त्वचा पर कॉटन की सहायता से लगाएं, दस मिनट के उपरांत त्वचा को ठंडे पानी से धो लें, इसके प्रयोग से त्वचा साफ होने के साथ निखर भी जाएगी।

***ध्यान रखें**

त्वचा की कभी भी एक्स्ट्रा क्लींजिंग करने का प्रयास न करें वर्ना नेचुरल ऑयल खो जाएगा।

## विकसित देश का बदनाम चेहरा

डॉ. सुरेश कुमार

**देश में बहुत** कुछ बदल चुका था, लेकिन एक चीज नहीं बदली झ वो थी हमारी पुरानी आदतें। और इन आदतों को हमने विकास के नाम पर एक नया रंग दे दिया। अब हर जगह विकास ही विकास था, बस विकास की हकीकत से जनता को दूर रखा जाता था। सभी सरकारी दफ्तरों में एक नया आदेश आया थाः जो कोई काम समय से पूरा नहीं करेगा, तो उसका वेतन घटा दिया जाएगा। ये आदेश दिन-ब-दिन अमल में आ रहा था, परंतु कोई भी काम समय से नहीं हो रहा था, इसलिए किसी का वेतन घट नहीं रहा था। और ये तो महज एक शुरूआत थी। मालिक के आदेश के बाद, बाबूजी की कुर्सी से झरते हुए पसीने में भी एक और आदेश आ गया था, आज से सभी सरकारी दफ्तरों में 'प्रेम और प्रगति' की नीति लागू होगी। यह नीति क्या थी, कोई नहीं जानता था, लेकिन यह निश्चित था कि इसके लागू होते ही बाबूजी की कुर्सी पर पंख लग जाएंगे। क्योंकि जब तक आप 'प्रेम और प्रगति' के नाम पर काम न करें, तब तक आपको इन दफ्तरों में रुकने का कोई अधिकार नहीं। अब हर बाबू को दिन-रात अपने काम में व्यस्त दिखने के लिए एक नई विधि का अनुसरण करना पड़ा था। वे सब एक जैसे हो गए थे झ प्रेम और प्रगति के तहत काम करने वाले ह्यप्रभावीह्ल कार्यकर्ता। क्या करें, जनता की सेवा का नाम ही इतने बड़े घरों में रहने के लिए काफी होता था। जो बाबू पहले शर्तों पर काम करते थे, अब शर्तों पर काम करने की बात नहीं करते थे। अब सब ह्यप्रोफेशनलह्ल हो गए थे। साथ ही, इनकी सामाजिक ज़िम्मेदारी बढ़ गई थी, जैसे गरीबों के लिए 10 रुपये की मदद देना और ट्विटर पर इस पर लिखकर शांति की एक मिसाल कायम करना। जब भी किसी ने पूछा, ये विकास के काम कब होंगे तो जवाब आता, बस थोड़ी सी और प्रगति होनी है। और ये प्रगति कैसे होगी हमें पूरा विश्वास है कि आगे आने वाले दिनों में सब ठीक हो जाएगा। लेकिन क्या ठीक होगा, वो किसी को नहीं पता।

लेकिन इस सब के बीच, राजनेताओं के हाथों में विकास की चाबी थी। उन्होंने तय किया कि इस विकास की दिशा जनता के भले के लिए नहीं, बल्कि अपने फायदे के लिए होगी।

## न्यूज फ्लैश

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को: इरम हसन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय करनाल में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लम्बित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए स्थाई लोक अदालत, करनाल में 13 दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे रखकर उनका निपटारा किया जा सकता है। इसके अलावा यातायात संबंधित चालानों का भुगतान करने के लिए 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक जिला न्यायालय की अदालतों में प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0184-2266138 व नालसा हैल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जिला के हजारों बच्चों ने श्लोकोच्चारण कर माहौल को बनाया गीतामय



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला स्तरीय गीता जंयती महोत्सव के दौरान डॉ. मंगलसेन परिसर में 11 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे जिला के विभिन्न स्कूलों के करीब 400 बच्चों सहित हिंदी व संस्कृत के अध्यापकों ने श्लोकोच्चारण कर माहौल को गीतामय बना दिया और कुरूक्षेत्र से लाईव प्रसारित श्लोकोच्चारण को विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सुना और साथ में उच्चारण किया।
कार्यक्रम में इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, शिक्षा विभाग से ज्योत्सना मिश्रा, राजेन्द्र सिरसी सहित काफी संख्या में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहे। श्लोकोच्चारण के बाद इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप, असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनको बधाई दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक करें और उनकों पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की प्रशंसा की और कहा कि अपने कारोबार को और बढ़ाएं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

### आईएसआरपीएल ने चौधरी देवीलाल मेमोरियल कॉलेज सिवाह में भेंट किए कंप्यूटर

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
रिफाइनरी स्थित इंडियन सिन्थैटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत पानीपत के चौधरी देवी लाल मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज सिवाह में 25 कंप्यूटर, 5 किलोवाट का यूपीएस, प्रिंटर और फर्नीचर भेंट किया गया। इसके साथ ही बोहली गांव में 30 लड़कियों एवं महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण के बाद प्रशस्ति पत्र और सिलाई मशीनें भेंट की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत रिफाईनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एम.एल. डहरिया ने शिरकत की। चौधरी देवीलाल मेमोरियल कॉलेज सिवाह के कंप्यूटर लैब में कंप्यूटर भेंट करने के बाद डहरिया ने छात्राओं के उज्जवल व सुनहरे भविष्य की कामना की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है चाहे वह खेल का मैदान हो या शिक्षा का क्षेत्र हो। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं।

# अनिल विज ने सबस्टेशन आईओसी की क्षमता वृद्धि का किया लोकार्पण

## प्रधानमंत्री मोदी सभी प्रदेशों को अपनी बात कह रहे हैं कि हमें सौर ऊर्जा की ओर बढना चाहिएः विज

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अब नई तकनीक के माध्यम से सोलर और पवन ऊर्जा का इस्तेमाल होना प्रारंभ हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए सभी प्रदेशों को अपनी बात कह रहे हैं कि हमें सौर ऊर्जा की ओर बढना चाहिए। विज अम्बाला छावनी में एचवीपीएनएल 66केवीए सब स्टेशन (आईओसी) की क्षमता वृद्धि के लोकापर्ण के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।
ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हम गांवों में बिजली की आपूर्ति सौर ऊर्जा से करने के लिए प्रयासरत हैं। किसान अपने ट्यूबवेल सौर ऊर्जा से चलाए,



इसके लिए उन्होंने अपने विभाग को सुझाव दिया है कि किसानों को हम सीधे सौर ऊर्जा पैनल लगाने के बजाए गांव में एक सोलर पॉवर हाऊस बना दें जहां से सीधे किसानों ट्यूबवलों और घरों में बिजली की आपूर्ति की जा सके। यानि पूरे गांव में सौर पॉवर हाउस से बिजली की आपूर्ति हो। उन्होंने कहा यह बिजली महज 2 रुपए यूनिट बिजली पड़ती है जोकि काफी सस्ती होगी। एक पॉयलट प्रोजेक्ट बनाने के लिए उन्होंने कहा है और एक गांव को एडॉप्ट कर गांव के सारे कनेक्शन सोलर पॉवर हाउस से जुड़ेंगे जिससे बिजली उन्हें मिलेगी। इससे किसानों को दिन में बेहतर बिजली मिलेगी। यदि यह कामयाब होगा तो हमारी कोयले की बिजली पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण कम होगा तथा यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। सब स्टेशन की क्षमता बढने व लाइनों से सुद्दढ़ होने से सिविल अस्पताल, पी एंड टी कॉलोनी, शिवाला मंडी, दुधला मंडी, गुलाब मंडी, सुंदर नगर, चंदर पुरी, डीआरएम कॉम्प्लेक्स, रेलवे कॉलोनी, बीडी फ्लोर मील के पीछे का क्षेत्र, शास्त्री कॉलोनी, बंधु नगर, नन्हेड़ा, रंगिया मंडी, नन्हेड़ा रोड, आनंद विहार, विद्या नगर, कुम्हार मंडी, चौन मंडी, कच्चा बाजार, पुलिस क्वार्टर, राम बाग रोड, राम कृष्ण कॉलोनी, मुडा मंडी, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, लाल कुर्ती बाजार, रेलवे रोड, बस स्टैंड, राय मार्केट, बैंक रोड, सदर बाजार, पंजाबी मोहल्ला, गांधी मार्केट, निकोलसन रोड, आहलूवालिया बिल्डिंग, माल रोड, बीसी बाजार, टेलीफोन एक्सचेंज, मिलिट्री क्षेत्र, कुलदीप नगर, चंदर पुरी, सुंदर नगर, शाहपुर, मच्छौंडा के अलावा कई गांवों के ट्यूबवेलों की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा।

## आरएमएपी एसोसिएशन ने लगाया चाय का लंगर



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के सदस्यों द्वारा बुधवार को ब्रह्मसरोवर परिसर में स्टॉल नंबर 786 पर चाय का लंगर लगाया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारी धर्मवीर राई ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निशुल्क चाय की सेवा लगाई गई। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष गीता महोत्सव के अवसर पर चाय का लंगर लगाया जाता है और महोत्सव में आए पर्यटकों को निशुल्क चाय वितरित की जाती है। इसके अलावा एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर, गर्मियो में ठंडे पाने की छबील लगाना सहित अनेक सामाजिक कार्य किया जाता है। इस अवसर पर धर्मवीर राई, सतनारायण, राम कुमार सरोहा, महिन्द्र मथाना, जसबीर सिलसला, हरबंस सिंह पिहोवा, पवन खैरा, कश्मीरी चौटाला, केवल किशोर, तेजेन्द्र खासपुर, गुरमेल सिंह, बलबीर सिंह, कर्म सिंह, पवन पिहोवा एवं अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## 17 दिसंबर को होगी जिला परिषद की बैठक: उपायुक्त

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर को दोपहर बाद जिला सचिवालय में जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें 10 सूत्रीय ऐजंडे पर विचार विमर्श किया जाएगा। उपायुक्त ने इस से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैठक वाले दिन समय पर पहुंचे। इस 10 सूत्रीय ऐजंडे में राज्य वित आयोग ग्रांट की प्रगति, 15वीं वित आयोग ग्रांट की प्रगति पर विचार किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2025-26 की जैडपीडीपी में करवायें जाने वाले विकास कार्यो के प्लान तैयार करने बारे विचार होगा।

## खिलाड़ियों ने इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में झटके मेडल्स

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के दो खिलाड़ियों ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में तीन मैडल जीतकर कॉलेज और जिले का मान बढाया । कराटे की व्यक्तिगत प्रतिस्पधाओं में 67 किलोग्राम भारवर्ग में जतिन सैनी ने रजत, 84 किलोग्राम भारवर्ग में दीपांशु रोहिला ने रजत और टीम फाइट में जतिन सैनी ने कांस्य पदक पर कब्जा किया । विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, प्रो अंकुश मलिक, प्रो आनंद, ग्राउंड्समैन



प्रताप सिंह और अन्य प्राध्यापकों ने किया । सबसे अधिक हर्ष का विषय यह रहा कि इनमें से जतिन सैनी का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे टूनामेंट कैंप के लिए हो गया है । जतिन वैसे भी कराटे में राष्ट्रीय स्तर पर खुद का लोहा मनवा चुके है ।
प्रधान दिनेश गोयल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जतिन और दीपांशु ने जो उपलब्धि हासिल की है वह हर विद्यार्थी के लिए गौरव और हर्ष का विषय है । इस जीत के पीछे इन सबकी लगन और कड़ी मेहनत का हाथ है । खेल सभी के जीवन में, विशेष रुप से विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । खेल गतिविधियों में शामिल होना हर व्यक्ति के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है । खेल न केवल शारीरिक ताकत प्रदान करते है बल्कि इनसे हम मानसिक रूप से भी शक्तिशाली और मजबूत बनते है।
अब तो खेल हमें अपने पैरो पर भी खड़ा होने में मदद करने लगे है ।
विश्वविधालय और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना और फिर स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है । इन खिलाडियों ने यही संदेश और प्रेरणा हम सभी को दी है ।
कॉलेज अपने खिलाड़ियों को हर तरह से प्रोत्साहित करता है और भविष्य में भी उन्हें इसी प्रकार से प्रेरित करता रहेगा।

## आध्यात्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से जेल में कैदी हुए भाव-विभोर

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
जिला कारागार परिसर में बुधवार को गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता पाठ और आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जेल परिसर के कम्युनिटी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में कैदियों ने भी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से कलाकारों की टीम ने मन मोह लिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक देवी दयाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कैदियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्वीय गीता महोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में हमारे जिला में भी तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव मानाया गया जिसका आज अंतिम दिन है। उन्होंने सभी कैदियों को गीता महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि गीता में कर्म का सार दिया गया है। उन्होंने सभी कैदियों से आह्वान करते हुए कहा कि जब आप सब यहाँ से रिहा होकर वापस समाज में जाएं तो एक नई जिम्मेदारी के साथ काम करें। उन्होंने कैदियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुछ देर की गलती वर्षो तक भुगतनी पड़ती है लेकिन उसके पश्चाताप भी आप यहाँ से अपने व्यवहार कुशलता लाकर कुछ नया सीखकर अवश्य जाएं।

## साइंस क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से 9वी और 11वीं की कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें टीम रामानुज, रमन, जगदीश चंद्र बसु, व शकुंतला देवी मुख्य रूप से मुख्य रहे। इस प्रतियोगिता को पांच भागो में विभाजित किया गया था। जिसमें जनरल राउंड, बजर राउंड, सब्जेक्ट स्पेसिफिक राउंड ,पर्सनालिटी



आईडेंटिफिकेशन राउंड और रैपिड फायर राउंड प्रमुख रूप से रहे। मंच का संचालन भौतिक विभाग की अध्यापिका चेतना शर्मा द्वारा किया गया। रसायन विभाग की अध्यक्ष हिमप्रीत ने रैपिड फायर राउंड को बहुत अच्छे तरीके से संचालित किया। इस राउंड में बच्चों ने बहुत ही रचनात्मक तरीके से उत्तर प्रस्तुत किया। विषय संबंधित खंड को अजय साइंस अध्यापक ने बहुत ही क्रियात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में टीम रामानुज प्रथम स्थान , टीम जगदीश चंद्र बसु ने द्वितीय स्थान और शकुंतला देवी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि साइंस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना है और ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने से विद्यार्थियों का अपनी समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकास विकसित होता है। विद्यार्थियों के व्यावहारिक अभिगमन को बढ़ावा व संचार कौशल विकसित करना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। हमारे विद्यालय में समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन होता रहता है ताकि बच्चा भविष्य में साइंस के प्रति रुझान पैदा कर सके।
कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल ने सभीं विभागों के अध्यापकों चेतना, हिमप्रीत, अजय तथा राजिन्द्र जयसवाल को सम्मानित किया तथा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण करके भविष्य में सफल होने का आशीर्वाद दिया।

## हकेंवि में मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन का उद्देश्य समकालीन मानवाधिकार मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सभी के लिए सम्मान और गरिमा की संस्कृति को बढ़ावा देना था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में बांग्लादेश और दुनिया के अन्य हिस्सों में पीड़ितों का उल्लेख करते हुए मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक कार्रवाई की




आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विधि विभाग के विद्यार्थियो के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि हमारे विद्यार्थी मानवाधिकार जैसे सामाजिक विषय में रुचि ले रहे हैं। उनके प्रयासों ने न केवल विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है, बल्कि आज की दुनिया में मानवाधिकारों की प्रासंगिकता को भी उजागर किया है।

## शिकायतों के समाधान में अधिकारी लाये तेजी: डॉ. विरेन्द्र

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
जिला सचिवालय के सभागार में बुधवार को उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों के साथ बैठक कर पीजी पोर्टल पर आने वाले शिकायतों का समाधान तत्काल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि हमें कोई भी शिकायत बिना समाधान के न रहे इस पर ध्यान देने की जरूरत है।
उपायुक्त ने बताया कि ज्यादातर समस्याएं तहसीलदार, रेड क्रास, तहसीलदार, एसडीएम पानीपत, एसडीएम समालखा, एलडीएम, बीडीपीओ से संबंधित है। कुल एक हजार शिकायतों में से 40 बचती है।

## सफाईकर्मियों की भावनाओं को समझें: अंजना पवार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्षा अंजना पवार ने कहा की सफाई कर्मचारियों की भावनाओं व संवेदनाओं को समझते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास करें। वे बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन बिल्डिंग में स्थिति कमेटी रूम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान व मांगों की पूर्ति के उद्देश्य से आयोजित बैठक में अधिकारियों व संबधित कर्मचारियों को सम्बोधित कर रही



थी अंजना पवार ने कहा कि जब तक हम सफाई कर्मचारियों के बारे में नहीं सोचेंगे, उनकी समस्याओं को नहीं समझेंगे तो हम अपने आस-पास के क्षेत्र को कैसे साफ सुथरा बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। उनका संदेश था कि हम इस वर्ग का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को हलके में ले क्योकि आयोग का गठन सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ही हुआ है।इस मौके पर सुश्री पवार ने सफाई कर्मचारियों के साथ हुई बातचीत पर संतोष व्यक्त किया और कहा की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी विश्वविद्यालय में काम करके खुश है, उन्होंने इस अवसर पर कुछ सुझाव भी दिए और कहा की हरियाणा कौशल रोजगार के तहत लगे हुए कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांच भी साल में दो बार होनी चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने सुझाव दिया की विश्वविद्यालय को मौसम के अनुसार वर्दी भी सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध करवानी चाहिए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने कहा की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सभी कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्वविद्यालय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है और कोई भी समस्या का आने पर उसका समाधान तुरंत किया जाता है।

## हरियाणा पवेलियन हरियाणवी संस्कृति की छोड़ गया अमिट छाप

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगा हरियाणा पवेलियन पर्यटकों के दिलों पर हरियाणवी संस्कृति की अमिट छाप छोड़ गया। हरियाणा पवेलियन में जहां युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, सभ्यता व धरोहर से परिचित कराने का काम किया गया वहीं छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। 5 दिसम्बर से आरम्भ हुआ हरियाणा पवेलियन 11 दिसम्बर को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। सात दिनों तक 70 स्टालों के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हरियाणा की लोक संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वहीं छात्रों को स्टाल देकर आत्मनिर्भर बनने के



लिए प्रेरित करते हुए स्वावलम्बी भारत का सपना साकार किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 7 दिनों तक पवेलियन में आने वाले पर्यटकों के लिए उचित व्यवस्था की गई तथा हरियाणवी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए उत्कृष्ट किया गया।
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में 7 दिनों तक देश की महान विभूतियों, बडे. नेताओं, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के धार्मिक गुरूओं, बडे. अधिकारियों सहित देश-विदेश के

**सभ्यता**

**▶▶ युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, सभ्यता व धरोहर से परिचित कराने का काम किया**

पर्यटकों ने हरियाणा पवेलियन का अवलोकन किया। हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन प्रदेश के महामहिम राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। इसके साथ-साथ हरियाणा पवेलियन का अवलोकन देश के महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ ने किया। इसके अतिरिक्त केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जीओ गीता के प्रणेता पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण (अंत्योदय) सेवा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन शहरी, स्थानीय निकाय, नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल, हरियाणा प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के राज्यमंत्री राजेश नागर, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव राजीव गोयल सहित देश व प्रदेश के बडे. अधिकारियों सहित कईं सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के अध्यक्षों व धर्म गुरूओं ने हरियाणा पवेलियन का अवलोकन किया।

## शांति का त्यौहार कार्यक्रम ने किया सैकड़ों लोगों को प्रेरित

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत ( कमाल हुसैन )** राज विद्या केंद्र हरियाणा द्वारा कोहंड के पास बैंकेट हॉल में शांति का त्यौहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 3500 लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रेम रावत जी के संदेश का वीडियो दिखाया गया, जिसमें उन्होंने कहा, अंदर की शांति को शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता, बल्कि केवल अनुभव किया जा सकता है; जैसे हम किसी मिठाई को खाने के बाद ही उसके स्वाद का वर्णन कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवित रहने का



मतलब व्यक्ति का भय और तनाव मुक्त जीवन जीना होता है, जबकि लोग हमेशा इस बात की चिंता करते हैं कि दूसरे उनके बारे में क्या सोचते हैं और तनाव में रहने की आदत बना लेते हैं। एक शिक्षक या मार्गदर्शक किसी व्यक्ति को अपने भीतर ध्यान केंद्रित करने और शांतिपूर्ण जीवन जीने में मदद कर सकता है। इस सन्देश को वहां आये सभी श्रोताओं ने बड़े ध्यानपूर्वक सुना और अपने विचार भी साझा किये।

## न्यूज फ्लैश

### 48 कोस में गीता महोत्सव की मची धूम, कला परिषद के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा हरियाणा कला परिषद द्वारा संयुक्त सहयोग से कुरुक्षेत्र 48 कोस भूमि में स्थित कुरुक्षेत्र तथा कैथल जिला के विभिन्न तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से प्रदेश की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ गीता महोत्सव का व्यापक प्रचार किया जा रहा है। 4 दिसम्बर से निरंतर अलग-अलग तीर्थों पर भजन, रागनी तथा हरियाणवी नृत्यों की प्रस्तुतियां न केवल लोगों का मनोरंजन कर रही है, बल्कि कार्यक्रमों के माध्यम से गीता के महत्व को भी समझाया जा रहा है। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र त्रिपुरारि तीर्थ तिगरी, यमकुण्ड तीर्थ भैंसीमाजरा, ब्रह्म तीर्थ थाना, सरस्वती घाट खेड़ी मारकण्डा तथा अरुणाय तीर्थ अरुणाय में हरियाणा कला परिषद की ओर से मंजु अरोड़ा, सुरेंद्र कुमार, नटरंजनी दल अम्बाला, कुलबीर सैनी तथा राकेश भराणिया ने अपनी गायकी तथा नृत्यों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। वहीं गीता ने फरल, संदीप सैनी ने पबनावा, दिलावर कौशिक ने बीड़ पिपली तथा कृष्ण शर्मा ने कलायत में स्थित तीर्थ पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नागेंद्र शर्मा ने बताया कि गीता महोत्सव के दौरान काम्यक तीर्थ पर पंकज ने अपनी गायकी से जादू बिखेरा, वहीं संघीली में महेंद्र और साथियों ने अपने नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा श्रीतीर्थ कसान में बसेसर सिंह ने रागनियों से समां बांधा। प्रत्येक तीर्थ पर कलाकारों ने हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके हरियाणवी संस्कृति का परिचय दिया। नागेंद्र शर्मा ने यह भी बताया कि 15 दिसम्बर तक लगभग 15 तीर्थों पर सांस्कृतिक आयोजन किये जाएंगे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार सुरक्षाकर्मी की मौत

सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव बारोटा के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार फैक्टरी के सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। गांव मंडौरा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उनके दो बेटों में से छोटे बेटे योगेश दहिया (22) फैक्टरी में सुरक्षाकर्मी थे। वह रोजाना बाइक से ड्यूटी आते-जाते थे। बाइक पर फैक्टरी जाते समय उनके बारोटा-जटेड़ी रोड पर किसी वाहन ने उनके बेटे की बाइक को चपेट में लिया। हादसे में बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ज्योतिसर से गीता के उपदेशों से पूरे विश्व को मिल रहा है शान्ति का संदेश: सैनी

**मुख्यमंत्री, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गीता स्थली ज्योतिसर में किया गीता पूजन**

**गीता ज्ञान**

**ज्योतिसर में हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म के मार्ग पर चलने के लिए गीता के उपदेश दिए थे**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर में हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म के मार्ग पर चलने के लिए गीता के उपदेश दिए थे। इस गीता स्थली ज्योतिसर से आज भी उपदेशों के माध्यम से पूरे देश का शान्ति का संदेश मिल रहा है। जो व्यक्ति, राज्य, देश पवित्र ग्रंथ गीता के इन उपदेशों का अनुसरण करेगा वे निश्चित ही उन्नती के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में गीता स्थली ज्योतिसर में पवित्र ग्रंथ गीता की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, बाबा भूपेंद्र सिंह महाराज ने ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का अवलोकन किया और यहां पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने गीता स्थली ज्योतिसर के प्रोजेक्ट और वट वृक्ष को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत की है। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, बाबा चिन्तापुरी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, जयभगवान शर्मा डीडी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने मंत्रोच्चारण के बीच गीता जयंती पर चल रहे यज्ञ में पूर्णाहुति डाली और पंडित नरेश शर्मा व वेदपाठियों ने विश्व शान्ति के लिए पूजा-अर्चना करवाई। इसके उपरांत सभी मेहमानों पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया और जिस वट वृक्ष के नीचे हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन का मोह भंग करने के लिए उपदेश दिए थे उस वट वृक्ष को भी देखा। सभी मेहमानों भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस तीर्थ स्थल के सौंदर्यकरण और आध्यात्मिक दृष्टि से कुछ सुधार करने के लिए अधिकारियों से बातचीत की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने विचारों को सांझा करते हुए कहा कि इस पवित्र धरा पर आने वाले व्यक्ति के सारे पाप दूर हो जाते हैं और उसे पुण्य की प्राप्ति होती है। इसलिए इस पवित्र स्थल और तीर्थ को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से महाभारत थीम पर आधारित एक भव्य अनुभव केंद्र बनाया गया है। प्रदेश सरकार ने ज्योतिसर में महाभारत थीम पर आधारित भवन, आर्टिस्टिक प्रदर्शनी, थीमेटिक, मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट के लिए करोड़ों रुपए का बजट पारित किया गया था। इस बजट में से गैलरियों के निर्माण कार्य पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा चुका है। इस मौके पर उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चैयरमेन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य डॉ. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन परमजीत सिंह, अशोक रोशा, युधिष्ठर बहल, डॉ. एमके मोदगिल, विजय नरूला, प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी, जसबीर राणा बहरी, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर गीतकार ने गाया पंजाबी गीत



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर युवा गीतकार राजू वडाली ने उनपर समर्पित पंजाबी गीत बाबे दा जवाब, नई जी विज दा जवाब नईह्र बनाया और मंत्री से उनके आवास पर मिलकर उन्हें यह गीत सुनाया। गीत को सुनकर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने गीतकार की तारीफ की और उसकी पीठ थपथपाई।

ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर उन पर कई गीत बनाने वाले गीतकार राजू वडाली ने उनपर पंजाबी गीत गुनगुनाया। यह पूरा गीत राजू वडाली ने मंत्री अनिल विज के समक्ष सुनाया जिसको मंत्री अनिल विज सहित मौके पर मौजूद सभी ने सराहा।

गौरतलब है कि इससे पहले भी राजू वडाली मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर कई गीत बना चुके हैं जिनमें ह्याधाकड़ फैसले लेवै जो म्हारे हरियाणा में, सारे गुण अवलेबल हैं अनिल विज सयाणे में, हम फैन हैं अनिल विज के, विज के काम बोले, विज का नाम बोले आदि शामिल है। वहीं, गीतकार राजू वडाली ने कहा कि ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज की कार्यशैली प्रदेशभर में प्रचलित है। राजू ने बताया कि अपने गीतों में उसने मंत्री अनिल विज की कार्यशैली को जोड़ा है। उन्होंने बताया कि आगे भी वह मंत्री की कार्यशैली पर और भी गाने बना रहे हैं। गौरतलब है कि मंत्री अनिल विज की कार्यशैली प्रदेशभर में प्रचलित है और रॉकी मित्तल द्वारा उनके लिए एक गीत बनाया गया था, जोकि काफी चर्चा में रहा था।

## दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी रसोई सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-35 राई निवासी साहश ने तीन दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह किसी काम के लिए 22 नवंबर को कुंडली मॉल के पास आया था। अपनी स्कूटी को मॉल के बाहर खड़ी कर दी। उसके बाद वह तीन दिसंबर को वापिस पहुंचा। उसकी स्कूटी उसे नहीं मिली। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की जांच की तो एक बच्चा स्कूटी चोरी करते हुए पाया गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक अनिल की टीम ने वारदात को अंजाम देने के आरोपित साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। उसक पास से चोरी की स्कूटी को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया।

## ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुई ब्रह्मसरोवर परिक्रमा

**भक्तिमय**

**सर्वेश्वर महादेव मंदिर के सामने से शुरू हुई परिक्रमा में गाए गए भजनों से वातावरण गूंज उठा**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा गीता जयंती के अवसर पर प्रातः काल में ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा आयोजित की गई। ठाकुर जी पालकी पर सवार हुए। सर्वेश्वर महादेव मंदिर के सामने से शुरू हुई परिक्रमा में गाए गए भजनों से वातावरण गूंज उठा। मेरा बार-बार प्रणाम बिहारी तेरे चरणों में ---- भजन जब रतन रसिक, राजेंद्र चोपड़ा और सुनील वत्स की टीम ने गाया तो परिक्रमा में शामिल सैंकड़ों श्रद्धालु झूम उठे, सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। परिक्रमा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। परिक्रमा के पश्चात ठाकुर जी की आरती उतारी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक चावला, विजय नरूला, ब्रह्मचारी शक्ति जी महाराज, सुनील वत्स, हंसराज सिंगला, राजेंद्र चोपड़ा, अशोक अरोड़ा, मंगत राम जिंदल, रमाकांत, नवीन भारद्वाज, पवन भारद्वाज, रामकुमार शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे इसी के साथ-साथ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने गीता की जन्मस्थली ज्योतिसर में आयोजित गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। गीता पूजन किया तथा गीता उपदेश के साक्षी वट वृक्ष को प्रणाम किया। गीता मनीषी ने गीता जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता की जन्मस्थली ज्योतिसर से पूरे विश्व को गीता का ज्ञान मिला। पवित्र ग्रंथ गीता भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन के माध्यम से दुनिया को दिया गया अनूठा उपहार है। पवित्र ग्रंथ गीता में भगवान कृष्ण के मुख से दिए गए ज्ञान में मानव की हर समस्या का समाधान निहित है। गीता के श्लोकों का स्मरण करने से जहां मन को शांति को मिलती है, वहीं हमारे अध्यात्मिक ज्ञान में भी वृद्धि होती है। गीता भगवान कृष्ण के मुख से गाया हुआ ऐसा गीत है, जो पूरे विश्व के लिए एक अनूठा उपहार है।

# 'नेक व्यक्ति बनें, सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों की सहायता करें'

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** यदि दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर चिकित्सा सहायता दी जाए तो आधे लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया कि यदि दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर चिकित्सा सहायता दी जाए तो आधे लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार आम जनता से अपील करते हुए कहा कि नेक व्यक्ति बनें, सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों की सहायता करें। यदि पीड़ित को गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल ले जाया जाए, तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने नेक व्यक्ति (गुड समेरिटन) को पुरस्कार प्रदान करने की योजना के बारें जानकारी देते हुए कहा कि नेक व्यक्ति बनें। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया कि नेक व्यक्ति, वह व्यक्ति है, जो सद्भावपूर्वक, स्वेच्छा से तथा बिना किसी पुरस्कार या मुआवजे की अपेक्षा के दुर्घटना स्थल पर पीड़ित को आपातकालीन चिकित्सा या गैर-चिकित्सा देखभाल या सहायता प्रदान करता है या ऐसे पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि दुर्भाग्य से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौतें होती है। देश में लगभग तीन-चौथाई लोग पुलिस उत्पीड़न, अस्पतालों में जाने से रोकने और लंबी कानूनी औपचारिकताओं के डर से सड़क पर घायल दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने से हिचकिचाते हैं। यदि कोई मदद करना भी चाहता है, तो इन्हीं कारकों के कारण वे ऐसा नहीं करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले दस वर्षों में भारत में सड़क दुर्घटनाओं में करीब 15 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। भारतीय विधि आयोग की 2009 की रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 50% पीड़ितों की मृत्यु ऐसी चोटों के कारण हुई जिनका उपचार किया जा सकता था और यदि उनकी समय पर देखभाल की जाती तो उन्हें बचाया जा सकता था।



**मांग**

**यदि दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर चिकित्सा सहायता दी जाए तो आधे लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।**

## फिजियोथेरेपिस्ट को झांसे में लेकर 88 हजार रुपये ठगे

**जांच जारी**

**पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में फिजियोथेरेपिस्ट को झांसे में लेकर 88 हजार रुपये की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ठगों का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। जवाहर नगर निवासी नेहा अहलावत ने बताया कि उसने कबीरपुर रोड पर अपना क्लीनिक एपेक्स फिजियोथेरेपिस्ट के नाम से चलाती है। गत 7 नवंबर को उसके सोशल साइट वटसअप पर कॉल आई। खुद को कॉलर ने अनिल मेहता के नाम से अवगत करवाया। खुद की पहचान आर्मी पर्सन के तौर पर दी। उसने आर्मी में बच्चों की ट्रेनिंग कर रहे बच्चों को फिजियोथेरेपी देने के लिए संपर्क किया है। उसकी पैमेंट करने का झांसा देकर क्रेडिट कार्ड का पैमेंट लिंक भेज दिया। उसने बातों में उसे फंसाकर अलग-अलग तीन बारी में पचास हजार, 27999 व 9999 रुपये की करवा ली। जोकि कुल राशि 88 हजार रुपये बनती है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई मनोज ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठग का पता लगाया जायेगा। इसके लिए साइबर सेल की मदद ले रही है।

## कंपनी से हजारों रुपये कीमत का एल्युमिनियम पिंड चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र स्थित कंपनी से हजारों रुपये कीमत की एल्युमिनियम पिंड के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। स्वरुप नगर निवासी विजय कुमार ने बताया कि जठेड़ी रोड स्थित कंपनी में वह सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत है। गत आठ दिसंबर को किसी ने कंपनी से एल्युमिनियम की आठ पिंड जोकि 150 किलोग्राम व चालीस हजार रुपये कीमत की है। उन्हें किसी ने चोरी कर लिया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हो सकेगी खून की जांच

**सुविधा**

**चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सुविधाओं को बढ़ाने का काम किया जा रहा**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सुविधाओं को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। विभाग की तरफ से जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सीबीसी मशीनें उपलब्ध करवायी जायेगी। पहले चरण में 24 मशीनें जिले के नागरिक अस्पतालों में पहुंच चुकी है। एक सप्ताह के अंदर मशीनों पर केंद्रों पर स्थापित कर सुविधा को शुरू कर दिया जायेगा। जिससे केंद्र के आसपास के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा का लाभ मिल सकेगा। बता दें कि जिले में मौजूदा समय में डेंगू बुखार, वायरल बुखार, खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या काफी मात्रा में बढ़ी है। हजारों की संख्या में मरीज निजी व सरकारी अस्पतालों में अपना उपचार करवाने के लिए पहुंचते है। मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए चिकित्सक की तरफ से उसकी खून की जांच करवानी होती है। चिकित्सक की तरफ से मरीज की सीबीसी (खून की जांच) करवाने के लिए लैब में भेजा जाता है। नागरिक अस्पताल सोनीपत, गोहाना, व गन्नौर की बात करें तो हर रोज एक हजार से ज्यादा लोगों के सैंपल लैब में जांच के लिए आते है। लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद ही मरीज का आगामी उपचार चिकित्सक की तरफ से शुरू किया जाता है। मरीजों को सैंपल देने के लिए घंटों लाइन में लगने पर मजबूर होना पड़ता है।

**जिले की 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित होगी मशीनें-** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों की खून की जांच के लिए सीबीसी मशीनें उपलब्ध करवाई गई है, जोकि नागरिक अस्पताल सोनीपत के स्टोर रूम में पहुंच चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार एक सप्ताह के अंदर उक्त मशीनों को जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित करवाकर लोगों के लिए उपलब्ध करवा दिया जोयगा। जिसके बाद आसपास के लोगों को खून की जांच के लिए सीएचसी व नागरिक अस्पतालों में चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्हें केंद्र पर ही खून की जांच होने के बाद चिकित्सक से उपचार मिल सकेगा।

**नागरिक अस्पताल व सीएचसी सेंटरों पर पहले है सुविधा उपलब्ध-** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में एक नागरिक अस्पताल सोनीपत, सब नागरिक अस्पताल गन्नौर, गोहाना सहित 07 सामुदायिक केंद्रों पर खून की जांच के लिए मशीनें उपलब्ध है।

## वैदिक भजन गायन प्रतियोगिता में गूंजी वेद मंत्रों की मधुर ध्वनि

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में ऋषि उत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत महात्मा आनंद स्वामी की स्मृति में वैदिक भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएस नैन व राजकीय विद्यालय से सेवानिवृत हुए श्याम सुंदर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रसिद्ध भजन गायक सुशील शर्मा और सेंट विद्या मंदिर की संगीत विभाग की अध्यापिका मंजू अरोड़ा ने अपनी भूमिका निभाई। आर्य युवा समाज के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में न केवल अंबाला के बल्कि बड़ा कैथल पेहवा इत्यादि जगह से कल 13 विद्यालयों भाग लिया। विद्यार्थियों ने मधुर भजनों के माध्यम से अपनी ईश भक्ति और वैदिक परंपरा के प्रति सम्मान को प्रस्तुत किया। उनकी सधी हुई वाणी और लयबद्ध गायन में उनके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन की झलक स्पष्ट नजर आई। प्रधानाचार्य राधा रमन ने अपने उद्बोधन में कहा, वैदिक भजन न केवल हमारे आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, भक्ति और संस्कारों का विकास भी करते हैं। महात्मा आनंद स्वामी जैसे ऋषियों के आदर्श हमारे जीवन को सद्गुणों से परिपूर्ण करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में सोहनलाल कन्या विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर और ओ. एस डीएवी, कैथल संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार के.पी.ए.के. महाविद्यालय और डीएवी पब्लिक स्कूल, पेहवा को संयुक्त रूप से दिया गया। आर्य युवा समाज की संचालिका गौरी वंदना और राधिका ने बताया कि आर्य समाज, डीएवी मार्ग के मार्गदर्शन में पिछले 30 वर्षों से अंबाला के सभी डीएवी विद्यालयों में वैदिक संस्कारों से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इनमें वैदिक भजन गायन के साथ-साथ महापुरुषों के चित्र बनाओ प्रतियोगिता, सत्यार्थ प्रकाश के समुल्लासों की व्याख्या प्रतियोगिता, आर्य समाज के नियमों की व्याख्या, वैदिक प्रश्नोत्तरी, हवन यज्ञ आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। मुख्य अतिथि जेएस नैन ने विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज के जीवन और उनके त्याग एवं तप के महत्व को समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सद्गुणों और सेवा भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



**वैदिक संस्कार**

**भजन गायक सुशील शर्मा और सेंट विद्या मंदिर की संगीत विभाग की अध्यापिका मंजू अरोड़ा ने अपनी भूमिका निभाई**

## गीता जयंती पर बाल भारती स्कूल के बच्चों ने श्लोकों को याद किया

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** विद्यासागर बालभारती पब्लिक स्कूल में गीता जयंती का समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण की आराधना करते हुए गीता के महत्वपूर्ण श्लोकों का पाठ किया। गीता जयंती हर वर्ष मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। यह दिन भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए अमूल्य उपदेश का प्रतीक है, जो महाभारत के युद्ध के समय अद्भुत ज्ञान और नैतिकता का संचार करता है। हिंदी की अध्यापिका रमन बत्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि जब अर्जुन युद्धभूमि पर अपने भाइयों का सामना करते हुए संकोच में थे, तब कृष्ण ने उन्हें सच्चे धर्म और कर्तव्य का बोध कराया। भगवान कृष्ण ने अर्जुन को केवल युद्ध के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन में आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए, ज्ञान और प्रेरणा दी। हमें गीता के संदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने गीता के महत्वपूर्ण श्लोकों का पाठ किया और भगवान कृष्ण की महिमा का वर्णन किया।



# भारतीय तिरंगा हमारी अस्मिता और एकता का प्रतीक है: सावित्री जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सावित्री जिन्दल पूर्व मंत्री एवं विधायक हिसार ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में नवीन जिन्दल फाउंडेशन के पैवेलियन में शिरकत की। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के "मेरा धागा, मेरा तिरंगा, मेरा देश" अभियान के तहत श्रीमती सावित्री जिन्दल ने राष्ट्रीय ध्वज निर्माण के लिए धागा दान किया और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाने के अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए।सावित्री जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि मेरा धागा



केवल एक योगदान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति मेरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारतीय तिरंगा हमारी अस्मिता और एकता का प्रतीक है। मैं हर नागरिक से अपील करती हूं कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने के प्रयास को भी सफल बनाएं।अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर, इस विशेष आयोजन का उद्देश्य भारतीय तिरंगे के प्रति नागरिकों में सम्मान

**ध्वज निर्माण**

**मेरा तिरंगा, मेरा देश" अभियान के तहत श्रीमती सावित्री जिन्दल ने राष्ट्रीय ध्वज निर्माण के लिए धागा दान किया**

और गर्व की भावना को बढ़ावा देना है । सांसद नवीन जिन्दल 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करवाने के लिए जनमानस का समर्थन जुटा रहे हैं। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाकर समर्थन जुटाया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के डॉ. राज कुमार ने बताया कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि देश का हर नागरिक तिरंगे के महत्व को समझे और उसे गर्व के साथ हर रोज फहराये। सांसद नवीन जिन्दल के मेरा धागा, मेरा तिरंगा, मेरा देश अभियान के तहत लोगों को धागा दान के माध्यम से तिरंगे के निर्माण में सहयोग करने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को इस मुहिम से जोड़ना है ताकि सरकार 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मान्यता दे।

# हिंदी के लिए डॉ.ममगाईं ने भुगती लोमहर्षक यातनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उच्च कोटि के संत और महापुरुषों का कथन है कि या तो अपने जीवन काल में अपनी लेखनी का सदुपयोग करते हुए कुछ ऐसा श्रेष्ठ लेखन कार्य करते जाओ, जिसके चलते तुम्हारे गौलोक धाम पधारने के बाद भी लाख प्रयासों के बावजूद भी सांसारिक जीव तुम्हें एक क्षण के लिए भी भूल न सकें या फिर देश और समाज के प्रति कुछ ऐसा कार्य करके जाओ, जिससे तुम्हारे जाने के पश्चात भी आमजन को तुम्हारी कमी हर पल अखरती रहे।इन दोनों ही प्रतिभाओं से परिपूर्ण विलक्षण प्रतिभा के स्वामी थे गौलोक वासी और अजात शत्रु डॉ.केशवानंद ममगाईं। कर्मठ समाजसेवी, प्रख्यात देशभक्त, तटस्थ-निर्भीक पत्रकार और मृदुभाषिता की जीती-जागती



मिसाल थे डॉ. केशवानंद ममगाईं; जिन्हें शिक्षित समाज के साथ-साथ आमजन भी पत्रकारिता के भीष्म पितामह और नैतिकता-सच्चाई के स्तंभ के रूप में आज भी हर पल स्मरण करता है। उनके परिजनों के अलावा नगर एवं देश प्रदेश के उनके शिष्य एवं प्रशासक उनकी 14वीं पुण्यतिथि पर अपने-अपने तरीके से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। 17 नवंबर,1935 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में जन्मे डॉ. ममगाईं भले ही परोक्ष रूप में आज हमारे मध्य नहीं है; लेकिन कर्म योगी-समाजसेवी कभी नहीं मरते,वे सदैव अमर रहते हैं। वे किसी परिचय के मोहताज नहीं थे और किसी भी विद्वान से उसके स्तर पर जाकर वार्ता करते थे। जब वह किसी बच्चे से वातार्लाप करते थे, तो उसी के स्तर पर आकर वार्ता करते थे। इससे सामने वालों को लगता था कि ये तो मेरे अपने हैं।पलक झपकते ही सामने वाले व्यक्ति पर अपनी प्रतिभा का छाप छोड़ने में वे कुशल थे। वे बड़े ही कोमल हृदय के व्यक्ति थे। शायद इसलिए वह किसी का भी दुःख-दर्द सहन नहीं कर सकते थे और सदैव जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करने के लिए तत्पर रहते थे।

## न्यूज फ्लैश

### पूनावाला फिनकॉर्प ने सलिल हजरनिस को चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** साइरस पूनावाला ग्रुप की नॉन-बैंकिंग कंपनी पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड ने सलिल हजरनिस को चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ) नियुक्त किया है। 11 सितम्बर 2024 को बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स ने उनकी नियुक्ति को हरी झंडी दी और यह नियुक्ति 10 दिसम्बर 2024 से प्रभावी होगी। सलिल, कंपनी में टेक्नोलॉजी से जुड़ी रणनीतियों, डिजिटल बदलावों और एआई आधारित ग्राहक समाधानों को बढ़ावा देंगे। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लीडरशिप का करीब दो दशकों का अनुभव रखने वाले सलिल ने एंटरप्राइज आर्किटेक्चर, साफ़्टवेयर इंजीनियरिंग, और एआई इंटिग्रेशन जैसे कामों से जुड़ी अलग-अलग भूमिका में शानदार नतीजे दिए हैं। फिनसर्व कंपनी में हेड ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर इंडिया के तौर पर उन्होंने भारत, आसियान और ऑस्ट्रेलिया के अहम मार्केट में एआई और एपीआई से जुड़े समाधानों, रीयल-टाइम इंटिग्रेशन, और प्लेटफॉर्म को आधुनिक बनाने के लिए बतौर लीडर काम किया। उनकी नियुक्ति पर पूनावाला फिनकॉर्प के मैनेजिंग डाइरेक्टर और सीईओ अरविन्द कपिल ने कहा, एआई, एंटरप्राइज आर्किटेक्चर और डिजिटल इनोवेशन के क्षेत्र में सलिल की विशेषज्ञता से हमारी लीडरशिप टीम में एक और सितारा जुड़ गया है। टेक्नोलॉजी से जुड़े बड़े बदलावों को लागू करने में उनकी महारथ सिद्ध है और ग्राहकों की बेहतर संतुष्टि के लिए हमें इसका लाभ मिलेगा। उनकी विशेषज्ञता से हम एनबीएफसी क्षेत्र में दूसरों से बेहतर काम कर पाएंगे। अपनी भूमिका को लेकर सलिल हरजनिस ने कहा, पूनावाला फिनकॉर्प के साथ जुड़कर बेहतर लग रहा है, क्योंकि यह फाइनेंशियल सर्विस के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए बेहतर काम कर रही है। मैं टीम के साथ जुड़कर बड़े पैमाने पर, भविष्य के लिए मजबूत आधार बनाने वाले टेक्नोलॉजी समाधानों पर काम करूंगा जिससे न सिर्फ क्षमता बढ़ेगी बल्कि ग्राहक संतुष्टि के क्षेत्र में नए मापदंड भी स्थापित होंगे।

### जेके टायर ने बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में लॉन्च किए उन्नत ओटीआर टायर

**ग्रेटर नोएडा।** जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज ने आज बाउमा कॉनएक्सपो 2024 इंडिया में खनन क्षेत्र के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए ऑफ-द-रोड (ओटीआर) टायर खंड में ताजातरीन उत्पाद लॉन्च किए, जिससे इसका व्यापक ओटीआर पोर्टफोलियो और मजबूत होता है। नई पेशकशों में व्हील लोडर के लिए 17.5-25 वीईएम 63 एल5, वाइड बॉडी डंप ट्रक के लिए 16.00-25 वीईएम 99ऊई3, लोड हॉल डम्पर के लिए 12.00-24 वीईएम स्मूद एल5एस, फोर्कलिफ्ट के लिए 300-15 जेट लिफ्ट और सेल्फ-लोडिंग कंक्रीट मिक्सर के लिए 10/75-15.3 एमपीटी 117 शामिल हैं। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष (भारत) अनुज कथूरिया और ओटीआर प्रमुख देबाशीष खुंटिया ने इन उत्पादों का अनावरण किया। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष (भारत), अनुज कथूरिया ने उद्घाटन के अवसर पर कहा, हमारे नवीनतम ओटीआर टायर सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में बेहतरीन तरीके से काम करने के लिए तैयार किए गए हैं, जो खनन क्षेत्र में भारी-भरकम मशीनरी के लिए टिकाऊ साबित होते हैं और उन्हें दक्षता प्रदान करते हैं। इस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी के रूप में, हम प्रदर्शन को आगे बढ़ाने, टायर प्रौद्योगिकी में नए मानक स्थापित करने और ओटीआर उद्योग में समग्र उत्पादकता बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। जेके टायर लगभग 3700 किलोग्राम वजन के 40.00-57, 12 फुट व्यास वाले भारत के सबसे बड़े आकार के टायर के निर्माण में अग्रणी होने से लेकर सबसे बड़े ऑफ-रोड टायर -12 फीट ऊंचाई और लगभग 3.4 टन वजन वाले वीईएम 045 के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रवेश करने तक अल्ट्रा लार्ज ओटीआर टायर श्रेणी में अग्रणी रही है।



### आढ़ती का पैसों से भरा बैग चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत:** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में थाना चांदनी बाग पुलिस ने सनौली रोड स्थित शिव चौक पर मंदिर में माथा टेकने गए आढ़ती का पैसो से भरा बैग चोरी करने वाले आरोपी को महज 14 घंटे में काबू करने में कामयाबी हासिल की। आरोपी की पहचान कल्लू उर्फ संसरण निवासी नौबस्ता म्योहर कौशांबी यूपी के रूप में हुई। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि थाना चांदनी बाग में न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी हरिश पुत्र ढोली राम ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह नई सब्जी मंडी में प्याज की आढ़त का काम करता है।

# गीता में जीवन जीने का सार वर्णित: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार ने दीप पर प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि श्रीमदभगवदगीता एक ऐसा पवित्र ग्रन्थ है जिसमें जीवन जीने का सार वर्णित किया गया है। जो समुचे मानव समुदाय को कल्याण की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि पवित्र ग्रन्थ गीता के ज्ञान रूपी प्रकाश से ही पूरे विश्व की शंकाएं और समस्याएं दूर हो सकती हैं। हम सभी को पवित्र ग्रन्थ गीता के उपदेशों को न केवल पढ ?ा चाहिए बल्कि अपने जीवन में अपनाना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान



श्री कृष्ण द्वारा दिए गए निस्काम कर्म के संदेश को अपने जीवन में धारण कर मनुष्य सभी समस्याओं से निजात पा सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पावन धरा को गीता की जन्म स्थली के नाम से जाना जाता है। भगवान श्री कृष्ण की यह भूमि युगों युगांतर से भारतीय सभ्यता और संस्कृति की संवाहक रही है। बता दें कि 9 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक तीन दिवसीय गीता जयंती समारोह का आयोजन रामबाग मैदान अम्बाला शहर में किया गया था।
गीता जयंती महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गौरव घावरी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा हरियाणवी एवं हिंदी गीतों एवं भजनों के द्वारा श्रोताओं को झुमने एवं नाचने पर मजबूर कर दिया गीता जयंती महोत्सव को देखने आए लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर आनंद लिया भगवान श्री कृष्णा के भक्ति गीतों पर महिलाएं जमकर झूमी और भगवान श्री कृष्ण के भक्ति रस में डूबी नजर आई। उनकी भगवान श्री कृष्णा के प्रति भक्ति को देखकर पंडाल में मौजूद दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साह वर्धन किया।
गीता जयंती महोत्सव में प्रस्तुत किए गए भजन बांके बिहारी लाल लग्न तुमसे लगा बैठे, तुम्हें अपना बना बैठे जो होगा देखा जाएगा, पर श्रोता झुमने पर मजबूतर हो गए। काली कमली वाला मेरा यार है, मेरा मन का मोहन तो दिलदार है।

# दो दिन से हड्डी रोग ओपीडी पर लगा पड़ा ताला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** नागरिक अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की ओपीडी दो दिन से बंद पड़ी है। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर घंटों लाइन में खड़े रहे। उसके बाद उन्हें ओपीडी में चिकित्सक न होने के चलते वापस निराश होकर वापिस लौटना पड़ा। हड्डी रोग विशेषज्ञ ओपीडी में तैनात एक चिकित्सक की वीआईपी ड्यूटी तो दूसरे की कोर्ट में तारीख होने के चलते ओपीडी नहीं खुली। अस्पताल प्रबंधन व प्रशासन की तरफ से चिकित्सकों की ड्यूटी वीआईपी लगाने के चलते हर रोज सैकड़ों मरीजों को बिना उपचार के वापिस लौटना पड़ रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में दो दिन से हड्डी रोग विभाग ओपीडी के गेट पर ताला लटका हुआ है। वहीं अस्पताल में सुबह से रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है। करीब एक घंटे से ज्यादा समय लाइन में खड़े होने के बाद मरीजों को हड्डी रोग चिकित्सक की ओपीडी में न होने की जानकारी मिल पाती है। अस्पताल में हर रोज करीब दो हजार से ज्यादा का ओपीडी रजिस्ट्रेशन है। वहीं हड्डी रोग ओपीडी की बात करते हुए हर रोज तीन सौ से ज्यादा की ओपीडी है।

# ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का प्रलोभन देकर की जा रही ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर फ्रॉड बारें जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इनमे से एक ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का झूठा प्रलोभन देकर लोगों के साथ ठगी करने का तरीका भी सामने आया है। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में 1 से 2 घंटे तक काम करके हजारों रुपए प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। इस प्रकार के लुभावने ऑफर को देखकर लोग आसानी से इनके जाल में फस जाते है। साइबर ठग पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब करने के लिए लोगों को एसएमएस, व्हाट्सएप, टेलीग्राम मैसेजिंग, वैबसाइट, मोबाइल एप वा अन्य माध्यमों से लिंक भेजते है।

# प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय बपदी बपदा की टीम रही प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** राज्य भर में चल रही ब्लॉक स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता के अंतर्गत लाडवा खंड के राजकीय उच्च विद्यालय बपदी बपदा की युवा ग्राम पंचायत की टीम ने प्रथम स्थान,राजकीय उच्च विद्यालय लोहारा ने दूसरा स्थान और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौदा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का निरीक्षण डाइट पलवल से राजनीति शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजेंद्र कुमार व उनके सहयोगी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरौट से राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक



लखविंदर सिंह द्वारा किया गया और निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में बपदी स्कूल ने लाडवा खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया निर्णायक मंडल ने टीम के सभी सदस्यों स्टाफ सदस्यों की खूब सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक जसपाल सिंह जी ने अपने विद्यालय की युवा ग्राम पंचायत की टीम के सभी बच्चों ,टीम का मार्गदर्शन करने वाले प्राध्यापिका पूजा रानी ,हिंदी अध्यापक सुशील कुमार व समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

# घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में घर के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मॉडल टॉउन निवासी सरूप कुमार ने बताया कि गत 6 दिसंबर को उसके घर के बाहर से उसकी स्कूटी गायब हो गई। अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी रवि कुमार ने बताया कि स्कूटी चोरी का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है।

# हेमसा ने बजाया आंदोलन का बिगुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी सदस्यों ने जिला प्रधान टिक्का सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग कर डीईओ विनोद कुमार की मार्फत डायरेक्टर के नाम मास डेपुटेशन प्रदर्शन का नोटिस सौंपा। इस अवसर पर राज्य प्रधान संदीप सॉगवान व राज्य महासचिव हितेन्द्र सिहाग ने बताया कि राज्य कमेटी के निर्णय अनुसार शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मी अपनी मांगों को लेकर आगामी 18 दिसंबर को शिक्षा सदन पंचकूला पर मास डेपुटेशन प्रदर्शन करेंगी। शिक्षा सदन



पंचकूला में विराजमान अफसरशाही मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों की सुनवाई नहीं कर रही है। है। जिसको लेकर फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों में अफसरशाही की कार्यप्रणाली को लेकर काफी रोष है। पूर्व शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में 23 अगस्त 2022 को हरियाणा भवन चंडीगढ़ में अधिकारियों की देखरेख में मांग पत्र में से 9 बिंदुओं पर सहमति बनी थी। लगभग 27 माह बीत जाने के बाद ढ़ाक के तीन पात है। किसी भी प्रकार की मांग व समस्या का अभी तक समाधान नहीं हुआ है। समस्याओं का समाधान करना तो दूर रहा, बल्कि समस्याएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। हेमसा राज्य कमेटी ने बार-बार अधिकारियों से मुलाकात कर अनुरोध किया है, लेकिन फाईलें ज्यो की त्यो खड़ी है। ऑनलाईन टीचर ट्रांसफर पॉलिसी थौंपकर मामूली वेतन प्राप्त कर्मियों को 300-350 किलोमीटर दूर-दराज बदल दिया गया। बार-बार अपील करने के बाद भी ट्रांसफर ड्राईव चलाकर समाधान नहीं किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठता सूची में भी काफी खामियां है। शिक्षा विभाग फील्ड में काम करने वाले मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों की लगातार 30 साल सेवा करने के बाद भी पदोन्नति नहीं हो रही। पदोन्नति के अभाव में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों को उसी पद से सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है।

# अलग-अलग दुकानों पर बाल श्रम कर रहे दो बच्चों को रेस्क्यू किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत,(कमाल हुसैन)** आज पानीपत शहर के गोहाना रोड स्थित बाजार में काम कर रहे दो बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया। जहां इन दोनों बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वाधान में काम कर रही एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा ' न्याय तक पहुंच' कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे बचपन बचाओ आंदोलन के तहत आज पानीपत को बाल श्रम से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल रविंदर, हेड कांस्टेबल ज्योति और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गंभीर प्रयासों व अभियान के बावजूद आज भी देश में बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

# मन को शांत करके ध्यान करने से प्रभु से मिलन हो सकता है: ज्ञानानंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित मेडिटेशन हॉल में स्थानीय योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर के अंतिम दिन दिव्य योग मंदिर एवं दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने उपस्थित साधकों को अपनी योग पद्धति से योग साधना एवं ध्यान का अभ्यास करवाया कदिव्य योग मंदिर से मुख्य अतिथि जिला परिषद कुरुक्षेत्र के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि सीएम विंडो इंचार्ज गुरनाम सिंह सैनी, आई आई एच एस




कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राचार्य रीटा दलाल, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से स्वामी गुरु ज्ञानानंद महाराज एवं योगेशानंद महाराज, गुरु ब्रह्मानंद आश्रम से साध्वी देव ऋचा, आयोग के उपाध्यक्ष डॉ रोशन लाल, रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार, सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, आयुष विभाग के डॉ जागीर सिंह तथा सभी सहयोगी योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर ध्यान योग शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ किया कसभी अतिथियों का आयोग द्वारा पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत, अभिनंदन एवं सम्मान किया गया कदिव्य योग मंदिर की ओर से डॉ दमयंती शर्मा द्वारा आसन व प्राणायाम का महत्व बतलाकर बहुत सुंदर योगाभ्यास एवं ध्यान करवाया गया कदिव्य ज्योति जागृति संस्थान से स्वामी गुरु ज्ञानानंद महाराज ने गीता महोत्सव पर ध्यान

**सम्मान**

**विद्यार्थियों ने कलात्मक योगासन की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। मेडल पहनकर सम्मानित किया**

का महत्व बताते हुए कहा कि मन को शांत करके ध्यान करने से प्रभु से मिलन हो सकता है। कोच राजेश के नेतृत्व में डी ए वी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कलात्मक योगासन की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी ककोच सहित विद्यार्थियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया कइस अवसर पर आयोग के कर्मठ, ऊर्जावान एवं संकल्पित अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने साधकों को गीता पाठ करवाया तथा प्रतिदिन योग व गीता पाठ करने का प्रण करवाया कआयोग द्वारा शिविर में सहयोगी योग संस्थाओं-भारतीय योग संस्थान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, योग भारती, मानव उत्थान सेवा समिति, योगासन खेल संघ, आर्ट ऑफ लिविंग, आयुष विभाग, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, दिव्य योग मंदिर, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, वाई आर सी- कुरुक्षेत्र वि. वि., तथा संस्थाओं के कर्मठ कार्यकताओं डॉ जागीर सिंह, डॉ तृप्ता, गुलशन कुमार ग्रोवर, डॉ निरुपमा भट्टी, प्रिंसिपल डॉ सचिंद्र कुमार, मनजीत सिंह, मनीराम सैनी, मंजू नरवाल, कुलवंत सिंह, राम सैनी मौजूद रहे।

# खेलों के क्षेत्र में केयू का स्वर्णिम इतिहास: प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कराटे टीम ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का स्वर्णिम इतिहास रहा है।
केयू ने देश को राष्ट्रीय एवं



अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं जो केयू के साथ हरियाणा राज्य एवं भारत वर्ष का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी में केयू ने लगातार दो बार तीसर स्थान हासिल कर खेलों के क्षेत्र में अपनी विशिष्टता को प्रदर्शित किया है।

# बुराड़ी विधानसभा: मंगेश त्यागी ने लोगों से जनसंपर्क कर किया जनसंवाद





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित तोमर कॉलोनी ई ब्लॉक गली नंबर-14 में कांग्रेस के कद्दावर नेता मंगेश त्यागी ने क्षेत्रीय लोगों के साथ जनसभा का आयोजन कर जनसंवाद किया। इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए मंगेश त्यागी ने कहा कि पिछले दस सालों तक आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने क्षेत्र के लोगों के साथ बस राजनीति का गंदा खेल खेला है। इसके साथ ही त्यागी ने कहा कि विधायक संजीव झा क्षेत्र के विकास को लेकर पूर्ण रूप से फेलियर साबित हुए है। आप सरकार व उनके विधायक ने बुराड़ी के लोगों को हमेशा ही नज़रअंदाज किया है और अब जब चुनाव आ गए है तो फिर से दिल्ली की जनता को मुफ्त सुविधा देने के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इस दौरान मंगेश त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने मेरा साथ दिया तो मैं क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास पर पूरा ध्यान दूंगा। इस बार क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर विकास की नई पारी की शुरूआत करेंगे।

## कांग्रेस इतनी मजबूत है कि अकेले दिल्ली विधानसभा चुनाव जीत सकती है: देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि मैंने दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान दिल्ली की जनता के सामने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी कि कांग्रेस आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ किसी भी तरह का गठबंधन नहीं करेगी।
क्योंकि कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने की लोगों ने ठान लिया है, जबकि भाजपा को सत्ता से दूर रखने का फैसला दिल्ली की जनता पहले से ही ले चुकी है। यही कारण है भाजपा 26 वर्षों से सत्ता के लिए संघर्ष कर रही हे। केन्द्र और दिल्ली की सत्ता पर आसीन होने के बावजूद दोनों पार्टियों ने लोगों के लिए कुछ नहीं किया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मैंने बार-बार कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भ्रष्ट आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की कोई संभावना नहीं है क्योंकि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल, नेता मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन और संजय सिंह के सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में जेल में जाने के बाद पार्टी लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि आगामी विधानसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस वापसी करेगी।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस अपने आदर्शों और विचारधारा के अनुसार सबको साथ लेकर निर्णय लेने वाली पार्टी है, यहां तानाशाही या अधिनायकवाद नहीं चलता।
जबकि आम आदमी पार्टी में अरविन्द केजरीवाल एकमत से निर्णय लेने वाले तानाशाह है, बार बार गठबंधन की बात करके वो दिल्ली की जनता को भ्रमित कर रहे है क्योंकि दिल्ली में उनकी जमीन खिसक चुकी है। दिल्ली की जनता खुले रुप से केजरीवाल और उसके सहयोगियों का विरोध कर ही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर ऑटो वालों से की चाय पर चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने हजरत निजामुद्दीन में ऑटों वालों के साथ चाय पर चर्चा किया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ऑटोवालों ने उनके द्वारा कल दिए गए 7 आश्वासनों पर उनका स्वागत किया और साथ ही पिछले 10 सालों की तरह एक बार फिर से चुनावी जुमला साबित होने वाले अरविंद केजरीवाल की पांच बातों को लेकर अवगत कराया।
इस मौके पर मयूर विहार जिला अध्यक्ष विजेन्द्र धामा, निगम पार्षद संदीप कपूर एवं आटो यूनियन नेता राजेन्द्र सोनी उपस्थित थे।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के ऑटोवालों ने भाजपा के साथ दिल्ली को बदलने की जो एक मुहिम उठाई है, वह अब अरविंद केजरीवाल के किसी भी झांसे में नहीं आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ऑटोवालों को घर बुलाकर चाय पीने से उनकी समसयाएं हल नहीं होती है बल्कि उनके घर जाना होता है और आज हम निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन प्रिपेड बूथ पर ऑटोवालों के आमंत्रण पर आए हैं और भाजपा ऑटो वाले भाईयों से किए गए हर वायदे को पूरा करेगी। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि अब दिल्ली में अगर वह आएंगे तो ऑटोवालों से किए गए वायदों को पूरा करेंगे। उनसे सिर्फ एक सवाल है कि अभी उनकी सरकार है तो वे ऑटो वालों से किए गए वायदों को अभी ही क्यों नहीं पूरा करते।

## नुक्कड़ सभा का आयोजन कर,खोली केजरीवाल के भ्रष्टाचार की पोल




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी राजनैतिक दलों में एक-दूसरें पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला शुरू हो गया है। सभी राजनैतिक दल राजधानी दिल्ली की सत्ता पाने के लिए एक दूसरों को घेरने में लगे हुए है। भाजपा दिल्ली प्रदेश द्वारा चलाए जा रहें नुक्कड नाटक के जरिए लोगों के घरों तक केजरीवाल द्वारा दिए गए घोटालों को पहुंचाया जा रहा है।
**नुक्कड़ सभा कर लोगों को किया जागरूक:** इसी कड़ी में चांदनी चौक विधानसभा के रानी चौक मंडल में कटरा मोहत्र खान में भाजपा द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के कई बड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित क्षेत्र की सैकड़ो महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। इस दौरान दिल्ली के पूर्व सीएम व आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की। सभा में चौक विधानसभा के संयोजक हरीश असड़ी, जिला महामंत्री राजा खारी, पूर्व निगम पार्षद रवि कप्तान, पूर्व पार्षद सतीश जैन, मंडल अध्यक्ष रोहित शर्मा, महामंत्री अमित शर्मा, विस्तारक विपिन सागर, गोपाल गर्ग कार्यकरिणी सदस्य भाजपा दिल्ली प्रदेश सहित भाजपा कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हरीश असड़ी ने कहा कि पिछले दस सालों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को नर्क की गर्क में धकेल दिया है। केजरीवाल एंड पार्टी ने दिल्ली वालों के साथ वोटबैंक की राजनीति की है, लेकिन अब दिल्ली की जनता बदलाव चाहती है और दिल्ली में भी भाजपा की सरकार चाहती है, दिल्ली की जनता भाजपा के साथ है।

## नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से भाजपा ने लोगों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज दिल्ली के 3800 शक्ति केन्द्रों पर नुक्कड़ सभाओं के आयोजन की घोषणा की। दिल्ली में 256 मंडलों के प्रमुख शक्ति केन्द्रों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अरविंद केजरीवाल की पिछले 10 सालों की नाकामियों और स्थानीय समस्याओं से जनता को अवगत कराया गया। इस मौके पर विभिन्न स्थानों पर भाजपा सांसद, प्रदेश पदाधिकारियों सहित स्थानीय वक्ताओं उपस्थित थे।
सांसद मनोज तिवारी ने संत नगर बुराड़ी में, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत ने नवादा में, सांसद बांसुरी स्वराज ने हौज खास मंडल में, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मालवीय नगर में, भाजपा नेता सुमित भसीन ने जनकपुरी में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में भाग लिया। भाजपा नेतओं ने नुक्कड़ सभा देखने आए सभी को आरोप पत्र दिया जिसमें स्थानीय समस्याओं के साथ-साथ दिल्ली की केजरीवाल सरकार की पिछले 10 सालों में किए गए भ्रष्टाचारों का विवरण दिया गया है। मनोज तिवारी ने कहा कि बुराड़ी की जनता ने ना सिर्फ यहां जलभराव की समस्या देखी है बल्कि इस जलभराव के कारण छात्रों को दम तोड़ते हुए भी देखा है।

## नही चाहिए भाजपा, नहीं चाहिए आप, लोग मांगे कांग्रेस का साथ:श्याम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह सब कांग्रेस की देन है। कांग्रेस जो भी निर्णय लेती है वह हमेशा ही जनता को ध्यान में रखते हुए ही लेती है ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। यही कारण है कि लोग कांग्रेस से बहुताय की संख्या में जुड़ रहे है क्योंकि लोग जानते है कि बेहतर शासन केवल कांग्रेस पार्टी ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि आप विधायक संजीव झा ने पिछले दस सालों में क्षेत्र कि जनता के बारे में न सोचकर स्वंय हित के कार्य ही किया है। विधायक संजीव झा को क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना चाहिए और जनता की समस्याओं को हल करना चाहिए। ताकि जनता को सुविधाएं मिले। लेकिन आम आदमी पार्टी व विधायक ऐसा नहीं कर रहे है, जिसकी वजह से दिल्ली की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। जो कांग्रेस के शासनकाल में क्षेत्र में सामुदायिक भवन, सामाजिक चौपालें बनाई गई थी वह भी वर्तमान में देखरेख के अभाव में धूल फांक रही है। श्याम सिंह ने कहा कि इस बार बुराड़ी के लोग बुराड़ी में कांग्रेस का विधायक लाने की ठान चुके है और लोग कांग्रेस पार्टी के समर्थन में है।

## मॉडल टाउन: रक्तदान से बचाई जा सकती है कई अनमोल जान: प्रताप सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रक्तदान द्वारा किसी को नवजीवन देकर जो आत्मिक आनन्द मिलता है उसका न तो कोई मूल्य ऑका जा सकता है न ही उसे शब्दों में व्यक्त किया जा सकता है। रक्तदान शरीर द्वारा रक्त बनाने की क्रिया को भी तीव्र कर देता है। रक्त के कणों का जीवन सिर्फ 90 से 120 दिन तक का होता है। प्रतिदिन हमारे शरीर में पुराने रक्त का क्षय होता रहता है और नया रक्त बनता जाता है, इसका हमें कोई अनुभव नहीं होता।
वहीं मॉडल टाउन में रहने वाले समाज सेवी व मां कामख्या सिद्धपीठ आसाम के सेवक प्रताप सिंह गुरू जी ने कहा कि बहुत से स्त्री-पुरूषों ने नियमित रूप से रक्त दान करने का क्रम बना रखा है। अतः आप भी नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करें। जिससे रक्त की हमेशा उपलब्धता बनी रहे। कोई सुहागिन विधवा न बने, वृद्व मॉ-बाप बेसहारा न हो, खिलता यौवन असमय ही काल कलवित न हो। आज किसी को आपके रक्त की आवश्यकता है, हो सकता है कल आपको किसी के रक्त की आवश्यकता हो। अतः निडर होकर स्वैच्छिक रक्त दान करें। प्रताप सिंह गुरू जी काफी सालों से लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहें है व समय-समय पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन करते रहते है, व अलग-अलग राज्यों में भी लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते है।

## दिल्ली में भी लहरायेगा भारतीय जनता पार्टी का परचम: रेखा

# जनता का मिला साथ तो दोगुनी रफ्तार से होगा बुराड़ी का विकास: रेखा सिन्हा



### पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा ने कहा...

- पिछले 10 सालों से अपने कार्यकाल में विधायक संजीव झा ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र को एक भी दिल्ली सरकार की ओर से स्कूल नहीं दिया है, इसके साथ ही बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ व एजुकेशन पूरी तरह से लचर पड़ा हुआ है: रेखा सिन्हा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कहने को तो** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र अपने आप में प्राचीनकाल की कुछ यादें भी समेटे बैठा है व बुराड़ी का इतिहास पांडवकालिन भी है। बावजूद इसके बुराड़ी के लोग अभी तक मूलभूत सुविधाओं के इंतजार में पलके बिछाए बैठे है। लेकिन आप के शासन काल में बुराड़ी ही नहीं समुची दिल्ली से विकास नदारद हैं। उक्त बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झड़ोदा वार्ड नंबर-10 से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद व बुराड़ी वार्ड प्रभारी रेखा सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल एंड पार्टी ने दिल्ली को नर्क के गर्क में धकेल दिया है। विकास करना तो दूर की बात है दिल्ली का पूरी तरह से ही बेड़ागर्क करके रख दिया है। दिल्ली में भाजपा की सरकार आते ही विकास पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। रेखा सिन्हा ने वार्तालाप के दौरान कहा कि अगर इस बार पार्टी ने मुझे मौका दिया और क्षेत्र की जनता ने चुना तो मेरी बुराडी विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए पहली प्राथमिकता होगी क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या को दूर करूंगी, इसके साथ ही जाम मुक्त होगा बुराड़ी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से अपने कार्यकाल में विधायक संजीव झा ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र को एक भी दिल्ली सरकार की ओर से स्कूल नहीं दिया है, इसके साथ ही बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ व एजुकेशन पूरी तरह से लचर पड़ा हुआ है।
**क्षेत्र में नहीं है कोई दमकल केंद्र:** रेखा सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से बात करें तो बुराड़ी में सुरक्षा व्यवस्था शून्य है। दस लाख से ज्यादा आबादी वाले इस क्षेत्र में दमकल की प्रस्तावित जमीन तो है लेकिन दमकल केंद्र नहीं है।
अगर ऐसे में कोई अप्रिय दुर्घटना होती है तो दूसरे क्षेत्र से दमकल की गाड़ी आती है। इसके साथ ही बुराड़ी में ट्रैफिक व्यवस्था इतनी लाचार है कि यहां से पैदल भी निकलना दूभर है तो दमकल की गाड़ी कैसे निकलेगी।
**पीएम उज्जवला योजना के तहत लोगों को मिलेगा लाभ:** रेखा सिन्हा ने कहा दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनते ही दिल्ली वालों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम उज्जवला योजना के तहत सोलर योजना के माध्यम से दिल्ली वालों को 300 यूनिट तक बिजली फ्री तो मिलेगी ही, बल्कि उसमें सब्सिडी भी दी जाएगी। जिससे दिल्ली के गरीब तबके के लोगों को भी काफी हद तक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने बिजली के रेटों को बढ़ाकर जो दिल्ली वालों की जेबों पर डाका डाला है उसको दिल्ली वाले कभी नहीं भूल सकते।
**जाम की समस्या करूंगी दूर:** रेखा सिन्हा ने कहा कि अगर पार्टी ने इस बार विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया और क्षेत्र के लोगों ने साथ दिया तो सबसे पहले बुराड़ी को जाम मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी।
रेखा सिन्हा ने कहा कि बुराड़ी में भयंकर जाम की समस्या ने यहां के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। पूरा दिन सड़कों पर जाम लगा रहता है जिससे गाड़ियां निकलना तो दूर की बात है पैदल चलने वालों को भी निकलने का रास्ता नहीं मिलता है।

# रंग ला रही योगी सरकार की गोसंरक्षण और गोसंवर्धन की पहल

## विदेशी नस्ल की गायों का दूध 1.7 मिलियन टन और मिश्रित एवं देशी नस्ल के दूध की मात्रा 4.2 मिलियन टन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः गोवंश का संरक्षण** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता है। गोवंश के संरक्षण और संवर्धन का ये सिलसिला जारी रहा तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश गाय के दूध के मामले में भी नंबर एक होगा। अभी यह उपलब्धि राजस्थान के नाम पर दर्ज है। उत्तर प्रदेश का स्थान दूसरा है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में दुधारू गायों की संख्या करीब 0.66 करोड़ है। इनसे कुल 5.29 मिलियन टन दूध प्राप्त होता है। प्राप्त दूध में । विदेशी नस्ल की गायों का दूध 1.7 मिलियन टन और मिश्रित एवं देशी नस्ल के दूध की मात्रा 4.2 मिलियन टन है।

**मामला**

**⏩ अद्यतन आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में दुधारू गायों की संख्या करीब 0 .66 करोड़ है**

चूंकि देशी नस्ल की गाय का दूध विदेशी नस्ल की गायों से गुणवत्ता में बेहतर होता है। इनका विकास भारतीय जलवायु में हजारों वर्ष के अनुकूलन (कंडीशनिंग) के बाद हुआ है। लिहाजा भारतीय परिस्थितियों में इनको पालना आसान है। यही वजह है कि योगी सरकार का फोकस देशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन पर ही है।प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि आने वाले समय में गोरखपुर और भदोही के पशु चिकित्सक महाविद्यालय के बन जाने पर देशी गोवंश के संरक्षण और संवर्द्धन को और बढ़ावा मिलेगा। यहां होने वाले शोध का लाभ उत्तर प्रदेश खासकर पूर्वांचल के दो दर्जन जिलों के पशुपालकों को मिलेगा। इसका लाभ देशी गोवंश की बढ़ी उत्पादकता के रूप में मिलेगा। ऐसे में 16 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूध के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान रखने वाला उत्तर प्रदेश गायों के दूध के उत्पादन के मामले में भी देश में पहले स्थान पर पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने पिछले दिनों गोरखपुर में बनने वाले पशु चिकित्सा महाविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि गोरखपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाय। महाविद्यालय में पशुओं के रखने, चारागाह के लिए हो पर्याप्त रिजर्व लैंड हो। और गौ सरोवर भी बनाएं। गोरखपुर के ताल नदोर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी वर्ष 3 मार्च को किया था। 80 एकड़ में क्रमवार तीन चरणों मे बन रहे इस महाविद्यालय के निर्माण पर 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। पहले चरण के निर्माण पर 277 करोड़ 31 लाख रुपये खर्च होंगे। 2026 तक पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।



# घर पर मौजूद पत्नी निकिता की माँ निशा व भाई ने मीडिया से बातचीत करने से किया इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुरः बेंगलुरु** में एआई इंजीनियर की आत्महत्या कांड को लेकर जौनपुर में भी मामले ने तूल पकड़ लिया है। कारण मृतक की पत्नी का मायका जौनपुर में है। सोमवार देर शाम मीडिया के माध्यम से आई खबरों को लेकर लोगों में कौतूहल मच गया। मृतक सुभाष ने अपने आत्महत्या से पहले लगभग 1 घंटे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। साथ ही साथ 40 पन्ने का सुसाइड नोट भी वायरल है। जिसमें मृतक ने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी, साले,चचेरे ससुर को ठहराया है।बंगलुरू में एआई इंजीनियर अतुल सुभाष सनसनीखेज सुसाइड केस मामले में बुधवार को हिन्दुस्थान समाचार टीम नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के खोया मंडी स्थित मृतक के ससुराल पहुंची। जहां घर पर मौजूद पत्नी निकिता की माँ निशा सिंघानियां व भाई अनुराग ने मीडिया से बातचीत करने से इनकार कर दिया।उनका कहना था कि हमारा पूरा परिवार इस मामले में सदमे है।मृतक की पत्नी अपने बच्चे के साथ दिल्ली में रहती है।इसके साथ ही उन्होंने मीडिया को उनके घर के फोटो वीडियो बनाने से मना किया और कहा कि आप इस मामले में हमारे वकील से बात करें,न्यायालय जाएं, वहीं सब कुछ मालूम हो पाएगा। अब सब कुछ बातचीत पुलिस के सामने और वकील के सामने होगी। इस मामले में निकिता के वकील विनोद श्रीवास्तव से बातचीत करने पर उन्होंने भी मीडिया से बातचीत करने से साफ इनकार कर दिया।कहा इस मामले से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। लड़की आने के बाद बात होगी।

इस मामले में मृतक इंजीनियर अतुल सुभाष का केस देख रहे अधिवक्ता दिनेश मिश्रा ने बताया कि अतुल की पत्नी निकिता ने अतुल पर कई केस किए थे।



## संक्षिप्त खबरें

### अमेजन ने भारत में अपने डिलीवरी बेड़े में शामिल किए10,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन

**गुरुग्राम।** अमेजन ने आज घोषणा की कि उसने भारत में अपने डिलीवरी बेड़े में 10,000 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) शामिल करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। कंपनी ने यह लक्ष्य, तय समय से एक साल से भी पहले यानी अक्टूबर 2024 में ही हासिल कर लिया। ईवी दिल्ली, मुंबई तथा बेंगलुरु में और लेह से गंगटोक तक कुल 500 शहरों में डिलीवरी कर रहे हैं।अमेजन ने इस लक्ष्य को तय अवधि से एक साल से भी पहले हासिल कर लिया है। पेरिस समझौते के मुकाबले 10 साल पहले यानी 2040 तक अपने परिचालन में नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन की अपनी क्लाइमेट प्लेज (जलवायु प्रतिज्ञा) प्रतिबद्धता को पूरा करने से जुड़े कंपनी के प्रयास के लिहाज से यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके जरिये कंपनी पारंपरिक डीजल वाहनों का उपयोग न कर कार्बन उत्सर्जन में कमी कर रही है।

अमेजन अपने बेड़े को डीकार्बनाइज करने की दिशा में में प्रगति कर रही है और द क्लाइमेट प्लेज की लेनशिफ्ट पहल के तहत 350 किमी बेंगलुरु-चेन्नई राजमार्ग पर लंबी दूरी के भारी इलेक्ट्रिक ट्रकों का परीक्षण करने वाली पहली ई-कॉमर्स कंपनी है। यह परियोजना लंबी दूरी के इलेक्ट्रिक माल परिवहन की क्षमता तलाशने के लिए अमेजन, अशोक लीलैंड, बिलियन-ई और चार्जजोन सहित उद्योग की बड़ी कंपनियों एक मंच पर ला रही है।अमेजन इंडिया में परिचालन उपाध्यक्ष, अभिनव सिंह ने कहा: "हमारे बेड़े में 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का होना और लंबी दूरी के इलेक्ट्रिक ट्रकों का सफलतापूर्वक परीक्षण करना, ये ऐसी उपलब्धियां हैं जिन पर हमें बहुत गर्व है। एक कंपनी और एक देश के रूप में, हमें भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों को पूरा करने और डीजल माल ढुलाई पर निर्भरता कम करने के लिए जीरो टेलपाइप उत्सर्जन ट्रकों में बदलाव करना चाहिए।

### टाटा कैपिटल ने उत्तर प्रदेश में एमएसएमई खंड पर लगाया बड़ा दांव

**नोएडा।** टाटा संस की प्रमुख वित्तीय सेवा शाखा, टाटा कैपिटल लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) ऋण की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। उत्तर प्रदेश, अपने विविधीकृत व्यावसायिक परिदृश्य के साथ, कंपनी के लिए एक प्रमुख विकास बाजार बना हुआ है, जो टाटा कैपिटल के एमएसएमई पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय योगदान देता है।

टाटा कैपिटल ने उत्तर प्रदेश में अपनी शाखाओं की संख्या बढ़ाकर 82 कर ली है, जिससे आगरा, बरेली, बिजनौर, ग्रेटर नोएडा जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में इसकी पहुंच और बढ़ गई है। नेटवर्क में यह बढ़ोतरी कंपनी को कागज एवं छपाई, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्टील, स्वास्थ्य सेवा, ऑटो कंपोनेंट, रसायन क्षेत्रों में एमएसएमई की विभिन्न किस्म की वित्तीय जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने में मदद करती है। यह व्यवसाय राज्य में छोटे उद्यमों को उनकी अल्पकालिक और दीर्घकालिक वित्तीय जरूरतों को पूरा कर सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है, साथ ही उनकी वृद्धि की आकांक्षाओं का समर्थन करती है। वित्त वर्ष ह्य25 की पहली छमाही तक, टाटा कैपिटल की कुल ऋण पुस्तिका ?176,000 लाख करोड़ से अधिक थी। टाटा कैपिटल के सीओओ- एसएमई फाइनेंस, श्री नरेंद्र कामत ने कहा, ह्लउत्तर प्रदेश अपनी उद्यमशीलता के जज्बे और निवेश के अवसरों के कारण हमेशा से हमारी व्यावसायिक रणनीति के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक रहा है। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र फल-फूल रहा है और हमारे वित्तीय समाधानों की मांग में बढ़ोतरी दिख रही है। हमारे विभिन्न किस्म के डिजिटल टूल ने एमएसएमई को हमारी वित्तीय सेवाओं का तेज गति से लाभ उठाने में मदद की है। कंपनी के अल्पकालिक ऋण समाधानों में कार्यशील पूंजी ऋण शामिल हैं जो व्यवसायों को उनके परिचालन व्ययों के प्रबंधन, व्यापार या विनिर्माण उद्देश्यों के लिए कच्चे माल की खरीद और बिक्री के बाद प्राप्तियों के प्रबंधन में सहायता करते हैं। इसके अतिरिक्त, टाटा कैपिटल के दीर्घकालिक वित्तपोषण विकल्पों में व्यवसाय विस्तार के लिए परिसंपत्ति-आधारित उपकरण ऋण और परियोजना अवधि ऋण शामिल हैं।

### गीता जयन्ती पर गीता पाठ और वितरण, निष्काम कर्म योग पर विशेष चर्चा

**मीरजापुर:** विश्व हिन्दू परिषद और संस्कृत भारती के नेतृत्व में बुधवार को इमलहा नाथ महादेव मंदिर के दक्षिण फाटक पर गीता का पाठ और वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रवाचक भक्ति किरण शास्त्री "श्रीनिधि" ने गीता के श्लोकों का अर्थ समझाते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का संदर्भ देते हुए बताया कि कैसे मोह को त्यागकर निष्काम कर्म योग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश हर व्यक्ति के जीवन में मार्गदर्शन का कार्य करता है। कार्यक्रम में गीता जयंती पर निष्काम कर्म योग पर विशेष चर्चा की गई।

## श्रीराम मन्दिर के रंग मंडप का शिखर बनकर तैयार

**अयोध्या:** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के निर्माण कार्य के पांच मंडपों में से रंग मंडप का शिखर पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया है। ज्ञातव्य है कि ठीक एक माह बाद 11 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। इसकी सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसी के द्वारा सब कुछ तय किया जाना है। उल्लेखनीय है कि सप्तऋषि मन्दिर, परकोटे के साथ बनने वाले शिव, सूर्य, मां दुर्गा, देवी अन्नपूर्णा गणेश, हनुमानजी आदि के मन्दिरों के निर्माण में भी तेजी आई है। बीते दिनों निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र की समीक्षा बैठक के उपरान्त मजदूरों की संख्या में वृद्धि की गई थी।

# 167 परियोजनाओं का 13 दिसम्बर को मोदी करेंगे लोकार्पण

## परियोजनाओं की लगभग पांच हजार तीन सौ सत्तानवे करोड़ है लागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज : प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के संगम की रेती पर 13 दिसम्बर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेजी से हो रही है। महाकुम्भ से जुड़ी 167 परियोजनाओं का प्रधानमंत्री जनसभा स्थल से लोकार्पण करेंगे। जिन योजनाओं का लोकार्पण होना है उनकी लगभग 5 हजार 3 सौ 97 करोड़ की लागत है। यह जानकारी बुधवार को अपर मेलाधिकारी महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जनपद में महाकुम्भ से जुड़ी स्थाई परियोजनाओं



लोकार्पण करने से पूर्व प्रधानमंत्री संगम नोट पर तैयार हो रही जेटी पर संतो के संग मां गंगा की पूजा अर्चना करके महाकुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मां गंगा का आशिर्वाद लेंगे। इसके बाद सभी अखाड़ों के संतों से मुलाकात करके वार्ता करेंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री संगम नोज बने पंडाल पहुंचेगे जहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिन स्थाई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उनमें प्रमुख बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, नागवासुकी कॉरिडोर, नया यमुना रेलवे पुल, जीटी जवाहर ओवर ब्रिज समेत अन्य लगभग 5397 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

**महाकुम्भ का शुभारम्भ करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीः** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी महाराज का कहना है कि महाकुम्भ से पूर्व मां गंगा का पूजन करना एवं औपचारिक शुभारम्भ करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो सनातन धर्म को बढ़ा रहें हैं। हम सभी संत प्रधानमंत्री को आशीर्वाद देंगे कि वह आगे भी प्रधानमंत्री बने रहें। उन्होंने बताया कि वह संत परम्परा को बखूबी जानते है और सनातन धर्म का उन्हें अच्छा ज्ञान है। उन्होंने गहन अध्ययन किया है। जिससे सनातन धर्म के सम्मान को लगातार विश्व में आगे ले जा रहें हैं।

# छात्रा की मौत के मामले में प्रेमी गिरफ्तार, शादी से मुकर गया था आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडाः गौतमबुद्धनगर पुलिस** ने सूरजपुर में बीबीए की 19 वर्षीय छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतका के लिव-इन पार्टनर सतीश उर्फ संतोष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला कि सतीश ने शादी का वादा करके युवती को प्रेमजाल में फंसाया था, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। इसी दौरान सतीश के किसी और युवती के साथ संबंध बन गए। जिससे छात्रा मानसिक तनाव में आ गई और आत्महत्या कर ली।

**जांच जारी**

**⏩ युवती ने 2 दिसंबर को सूरजपुर स्थित अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी थी**


बलिया की रहने वाली पीड़िता ग्रेटर नोएडा में बीबीए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने प्रेमी सतीश के साथ सूरजपुर में किराए के घर में रह रही थी। सतीश एक निजी कंपनी में काम करता है। उसने शुरूआत में युवती से शादी का वादा किया था, लेकिन बाद में उसने न केवल शादी से इनकार कर दिया और दूसरी युवती के साथ संबंध भी बना लिए थे। इस कारण दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। युवती ने अपनी मां और बहन को फोन पर यह बात बताई थी कि सतीश अब उससे शादी करने के लिए तैयार नहीं है।

युवती ने 2 दिसंबर को सूरजपुर स्थित अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी थी।

## दुष्कर्म मामले में फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**प्रयागराज : फूलपुर** थाने की पुलिस ने दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपित को लिली खोजापुर नहर पुलिया के पास से बुधवार को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित फूलपुर थाना क्षेत्र के नेकनामपुर अहिराबीर गांव निवासी प्रीत कुमार पुत्र मिठाई लाल है। इसके खिलाफ फूलपुर थाने में इस वर्ष भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद से वह फरार था। पुलिस की टीम इसकी तलाश में लगी हुई थी।

# विद्युत उपभोक्ताओं के सरप्लस पर चुप्पी



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः पूर्वांचल** और दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड को पीपीपी मॉडल बनाये जाने पर उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद ने कई सवाल उठाये हैं। परिषद का कहना है कि कंपनियों को पूरी जमीन तो एक रुपये में दी जा रही है। राजकीय सब्सिडी भी दी जाएगी, लेकिन उपभोक्ताओं का इन दोनों कंपनियों पर निकल रहे उपभोक्ताओं के 16000 करोड़ रुपये के सरप्लस पर कोई बात नहीं हो रही। इससे यह साबित होता है कि सरकार उद्योग घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए यह सब कुछ कर रही है। उसको उपभोक्ताओं के हित का ध्यान नहीं है। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि एनर्जी टास्क फोर्स के मसौदे में पांचों बिजली कंपनियों का संभावित नाम भी घोषित हो गया है। इसके बावजूद पूर्वांचल वी दक्षिणांचल पर उपभोक्ताओं के सरप्लस पर कोई भी प्रावधान न करना प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ बड़ा धोखा है। केवल आने वाली निजी घरानों को ही संरक्षित करना उचित नहीं है। उपभोक्ता परिषद में प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की कि एनर्जी टास्क फोर्स में जो मसौदा किया गया। उसे अनुमोदित किया जाए, उससे निजी घरानों की कंपनी को सरकार को करोड़ों-अरबों प्रत्येक वर्ष देना होगा सब्सिडी । ऐसे में जहां सरकार की छवि भी धूमिल होगी, वहीं कंपनी बनाने का कोई मतलब नहीं, फिर सरकारी क्षेत्र में क्या बुराई है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रस्ताव पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एनर्जी टास्क फोर्स ने जिस मसौदे को अपनी मंजूरी दी है, उससे सबसे ज्यादा नुकसान उत्तर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का होने वाला है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर लगभग 33122 करोड सरप्लस निकल रहा है। यदि हम बात करें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की तो दोनों में लगभग 1 करोड़ 62 लाख उपभोक्ता हैं।

इनका सरप्लस लगभग 16000 करोड़ के आसपास होगा। एनर्जी टास्क फोर्स के मसौदे में इसका अता-पता नहीं है।

# बिरसा ने वनवासी संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया: आचार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः आदिवासी** उत्थान समिति की ओर से बुधवार को डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन में आदिवासी गौरव दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ असम एवं मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

आदिवासी गौरव दिवस पर मंचस्थ अतिथियों ने आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा और महारानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए असम एवं मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा कि भगवान बिरसा ?मुंडा ने वनवासियों के हितों की रक्षा एवं वनवासी संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने जंगल व जमीन को बचाने के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया। वनवासी समाज बिरसा मुंडा को भगवान मानता है।



असम एवं मणिपुर के राज्यपाल ने कहा कि वनवासी समाज प्रकृति पूजक है। वह सच्चा और सनातनी हिन्दू हैं।

उन्होंने अपनी संस्कृति और परम्पराओं को जीवंत रखा है। भाजपा के विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर को ह्लराष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवसह्व के रूप में घोषित किया ताकि पूरा देश जनजातीय समाज के योगदान को याद कर सके। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संयज गौड़ ने कहा कि भाजपा की सरकार में वनवासियों के उत्थान के लिए अनेक काम हुए हैं।

समिति की ओर से असम एवं मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुन्ना खरवार व डा. रामानन्द समेत बड़ी संख्या में समिति से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से सम्बद्ध है नागवासुकी मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः तीर्थराज** प्रयागराज के पौराणिक मंदिरों में नागवासुकी मंदिर का विशेष स्थान है। सनातन आस्था में नागों या सर्प की पूजा प्राचीन काल से की जाती रही है। पुराणों में कई नागों की कथाओं का वर्णन है जिनमें से नागवासुकी को सर्पराज माना जाता है। नागवासुकी भगवान शिव के कण्ठहार हैं। समुद्र मंथन की पौराणिक कथा के अनुसार नागवासुकी सागर को मथने के लिए रस्सी के रूप में प्रयुक्त हुए थे। समुद्र मंथन के बाद भगवान विष्णु के कहने पर नागवासुकी ने प्रयाग में विश्राम किया। देवताओं के आग्रह पर वो यहां स्थापित हो गये। मान्यता है कि प्रयागराज में संगम स्नान के बाद नागवासुकी का दर्शन करने से ही पूर्ण फल की प्राप्ति होती है। नागवासुकी का मंदिर वर्तमान काल में प्रयागराज के दारागंज मोहल्ले में गंगा नदी के तट पर स्थित है।



**समुद्र मंथन के बाद सर्पराज नागवासुकी ने प्रयाग में किया था विश्रामः** नागवासुकी कथा का वर्णन स्कंद पुराण, पद्म पुराण, भागवत पुराण और महाभारत में भी मिलता है। समुद्र मंथन की कथा में वर्णन आता है कि जब देव और असुर, भगवान विष्णु के कहने पर सागर मथने के लिए तैयार हुए तो मंदराचल पर्वत मथानी और नागवासुकी को रस्सी बनाया गया था। लेकिन मंदराचल पर्वत की रगड़ से नागवासुकी जी का शरीर छिल गया था।

तब भगवान विष्णु के ही कहने पर उन्होंने प्रयाग में विश्राम किया और त्रिवेणी संगम में स्नान कर घावों से मुक्ति प्राप्त की। वाराणसी के राजा दिवोदास ने तपस्या कर उनसे भगवान शिव की नगरी काशी चलने का वरदान मांगा। दिवोदास की तपस्या से प्रसन्न होकर जब नागवासुकी प्रयाग से जाने लगे तो देवताओं ने उनसे प्रयाग में ही रहने का आग्रह किया। तब नागवासुकी ने कहा कि यदि मैं प्रयागराज में रुकूंगा तो संगम स्नान के बाद श्रद्धालुओं के लिए मेरा दर्शन करना अनिवार्य होगा और सावन मास की पंचमी के दिन तीनों लोकों में मेरी पूजा होनी चाहिए। देवताओं ने उनकी इन मांगों को स्वीकार कर लिया। तब ब्रह्माजी के मानस पुत्र द्वारा मंदिर बना कर नागवासुकि को प्रयागराज के उत्तर पश्चिम में संगम तट पर स्थापित किया गया।

**नागवासुकि मंदिर में स्थित था भोगवती तीर्थः** एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार जब देव नदी गंगा जी का धरती पर अवतरण हुआ तो भगवान शिव की जटा से उतर कर भी मां गंगा का वेग अत्यंत तीव्र था और वो सीधे पाताल में प्रवेश कर रहीं थी। तब नागवासुकि ने ही अपने फन से भोगवती तीर्थ का निर्माण किया था।

# टाटा हिताची ने बाउमा 2025 में पेश की अत्याधुनिक मशीनें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** टाटा हिताची इलेक्ट्रिक इनोवेशन से अपने उद्योग में नए दौर की शुरूआत की। टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक संदीप सिंह ने लॉन्च के अवसर पर कहा, ह्यह्यटाटा-हिताची सबसे पहले ग्राहकों का हित देखती है और अपने उद्योग में छह दशकों से अधिक की विशेषज्ञता रखती है। एक्सकेवेटर सेगमेंट में सीधे ग्राहकों से जुड़ने के मामले में भारत के सबसे बड़े नेटवर्कों में एक टाटा-हिताची का है। कम्पनी का सबसे संपूर्ण पोर्टफोलियो है जिसमें अब बैकहो लोडर और व्हील लोडर तक शामिल हैं, इसलिए हम सबसे अधिक भरोसेमंद वन-स्टॉप सॉल्यूशन हैं। ईएक्स 210एलसी इलेक्ट्रिक कॉन्सेप्ट पेश करने के बारे में उन्होंने कहा, यह इलेक्ट्रिक एक्सकेवेटर हमारी तकनीकी ताकत की मिसाल है और सस्टेनेबल सॉल्यूशन देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम इनोवेशन को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ कर ऐसे समाधान दे रहे हैं जो बाजार की जरूरतों और पर्यावरण की सुरक्षा दोनों जिम्मेदारियों को बखूबी पूरी करेंगे। इस आयोजन में टाटा हिताची की दूरगामी थीम पर जोर देते हुए सिंह ने कहा, बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में हमारी भागीदारी राष्ट्र निर्माण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दशार्ती है।

यह भावना हमारे कार्य दर्शन में दिखती है - आओ कर्तव्य निभाएं, चलो देश बनाएं। हमारा यह विजन उद्योग प्रमुखों और आम नागरिकों को मिल कर भारत की प्रगति के लिए काम करने का उत्साह देता है। हम इनोवेशन, जिम्मेदारी और गौरव की साझा भावना के संग एकजुट हैं।




# मां की साधना के बिना संभव नहीं सफलताः योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बस्तीः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह भूमि भगवान राम के जन्म के हेतु का कारण है। प्रभु श्रीराम ने प्रेरणा दी कि व्यक्ति कितना भी बड़ा और यश-धनधान्य से परिपूर्ण न हो जाए, वह तब तक अधूरा है, जब तक मां और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न कर ले। मां की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखते और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाते हुए गरीब छात्र भी अच्छी व आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सके, इसके लिए दोनों भाइयों ने मां के नाम पर कर्मा देवी समूह और पिता के नाम पर फॉमेर्सी कॉलेज स्थापित किया। उनका उद्देश्य था कि इसके जरिए हजारों बच्चे कर्मपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हुए सम्मान के साथ स्वावलंबन का जीवनयापन करें। एक व्यक्ति का स्वावलंबन समाज व राष्ट्र का स्वावलंबन होता है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कर्मा देवी समूह के 15वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की।

सीएम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया। सीएम ने ओमनी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का बटन दबाकर शिलान्यास किया। सीएम ने सरोज सिंह व देवमंगल सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरोज सिंह जब मंदिर आती थी, तब कहती थीं कि एक दिन आप मुख्यमंत्री बनेंगे।

**मां की साधना के बिना संभव नहीं थी यह सफलता**

सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति पर पांच ऋण होते हैं। मां, पिता, गुरु, मातृभूमि व देवगणों के लिए जो कुछ भी कर पाएंगे, उनकी स्मृतियों व आदर्शों को जीवन में जिस हद तक अंगीकार करने का प्रयास कर पाएंगे, यही उद्धण होने का माध्यम होता है। ओएन सिंह व देवमंगल सिंह का प्रारंभिक जीवन संघर्षों से भरा था। जब पूर्वी उप्र संसाधन के अभाव में जूझ रहा था, सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, शिक्षण संस्थान, रोजगार के साधन नहीं थे, उन स्थितियों में अपनी शिक्षा को अनवरत बनाए रखना मां की साधना के बिना संभव नहीं था। 1981 में देवमंगल सिंह आईएफएस बने व 1983 में ओएन सिंह उप्र पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अधिकारी बने।

# डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम का भंडाफोड़



**पर्दाफाश**

**▸▸ उत्तराखंड एसटीएफ ने हरियाणा से आरोपित को किया गिरफ्तार, 1.7 करोड़ रुपये की ठगी का मामला**

**देहरादून।** उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साइबर क्राइम टीम ने डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम का पदार्फाश करते हुए हरियाणा के यमुनानगर से एक आरोपित को गिरफ्तार किया। इस मामले में देहरादून की एक महिला पीड़िता को साइबर अपराधियों ने डिजिटल हाउस अरेस्ट कर 1.7 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार बनाया था। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नवनीत सिंह ने बताया कि देहरादून निवासी पीड़िता को फेडेक्स कोरियर से एक फर्जी कॉल आई, जिसमें दावा किया गया कि उनके नाम पर भेजे गए पार्सल में अवैध दस्तावेज और सामग्री (जैसे नकली पासपोर्ट, ड्रग्स आदि) पाए गए हैं।

इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच और सीबीआई अधिकारी बनकर अपराधियों ने स्काइप पर वीडियो कॉल के जरिए पीड़िता को डराया और उन्हें घर में बंद रहने और किसी से संपर्क न करने के लिए कहा। साथ ही बैंक खातों की जानकारी लेकर उनके सभी फंड को जांच के लिए बताए गए खातों में ट्रांसफर करने को कहा। जब पीड़िता ने 1.7 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए और अपराधियों ने और पैसे मांगे तो पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ।

